
वर्ष : 34 ▸ अंक : 11 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 19 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




जॉर्ज सोरोस से जुड़े एनजीओ पर ईडी की रेड

▸ पेज - 8


# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


ईद पर आएगी सिकंदर



▸ पेज - 7

# सुनीता की घर वापसी

- सुनीता विलियम्स 9 महीने बाद अंतरिक्ष से रवाना
- 10:35 बजे स्पेस स्टेशन से अलग हुआ यान
- आज सुबह 3:27 बजे समुद्र में लैंडिंग

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौटे। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 08:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ।




## पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सुनीता विलियम्स को लेटर लिखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। 1 मार्च को लिखे गए इस लेटर को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने भेजा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने X पर शेयर किया है। लेटर में पीएम मोदी ने लिखा है- आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं।

### कोकाटे को राहत

## सजा पर रोक के खिलाफ दखल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे की सजा पर रोक लगाने के नासिक सत्र न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। यह मामला 1995 के धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ा है। पूर्व मंत्री दिवंगत तुकाराम दिघोले की बेटी अंजलि राठौड़ ने नासिक सत्र न्यायालय के 5 मार्च के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस फैसले के तहत मंत्री माणिकराव कोकाटे और उनके भाई सुनील कोकाटे की सजा पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी।

### मामले में 21 अप्रैल को अगली सुनवाई

मंगलवार को इस याचिका पर न्यायमूर्ति आर. एन. लड्ढा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। कोकाटे के वकील अनिकेत निकम ने दलील दी कि याचिकाकर्ता अंजलि राठौड़ स्वयं इस मामले की मूल शिकायतकर्ता नहीं हैं, इसलिए उनकी याचिका स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने इस स्तर पर सत्र न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और अगली सुनवाई 21 अप्रैल को करने का निर्णय लिया। कोर्ट ने राज्य सरकार और कोकाटे बंधुओं को नोटिस जारी किया है। 20 फरवरी को नासिक जिले की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे और उनके भाई सुनील कोकाटे को दोषी ठहराया और दो साल की सजा सुनाई। यह मामला सरकारी कोटे के तहत फ्लैट लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने से जुड़ा था।

# डुप्लीकेट वोट पर लगेगी ब्रेक

- पैन कार्ड के बाद अब वोटर आईडी भी होगा आधार से लिंक
- चुनाव आयोग ने लिया फैसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आधार कार्ड के साथ वोटर आईडी जोड़ने को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग ने यूआईडीएआई के सीईओ, केंद्रीय गृह सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इसमें तय किया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन हुए बिना किस तरह से देशभर में वोटर कार्ड के एपिक नंबर को आधार से कनेक्ट किया जा सकता है। इसके लिए एक्सपर्ट के बीच तकनीकी परामर्श लेने की बात हुई। जिसके लिए जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।




### वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने पर हुई चर्चा

इसमें केंद्रीय गृह सचिव, सचिव विधायी विभाग, सचिव MeitY और यूआईडीएआई के सीईओ के अलावा आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। आयोग ने बताया कि चूंकि, भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता ह।

### चुनाव आयोग-होम मिनिस्ट्री की अहम बैठक

चुनाव आयोग ने बताया कि टेक्निकल एडवाइस के बाद ही पता लग सकेगा कि वोटर कार्ड नंबर को आधार के साथ कैसे कनेक्ट किया जा सकता है। आयोग की तरफ से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मंगलवार को निर्वाचन सदन में यह अहम बैठक हुई।

### सुप्रीम कोर्ट लगा चुका है वोटर ID को आधार से लिंक करने पर रोक

वोटर ID को आधार से लिंक करने का प्रयास चुनाव आयोग पहले भी कर चुका है। 2015 में चुनाव आयोग ने मार्च 2015 से अगस्त 2015 तक राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम (NERPAP) चलाया था। उस समय चुनाव आयोग ने 30 करोड़ से ज्यादा वोटर ID को आधार से लिंक करने का प्रोसेस पूरा कर लिया था। ये प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रुकी। दरअसल, वोटर ID को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के करीब 55 लाख लोगों के नाम वोटर डेटाबेस से हट गए थे। इसी को लेकर आधार की संवैधानिकता को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था और शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को वोटर ID और आधार को लिंक करने से रोक दिया था। 26 सितंबर 2018 को आधार को लेकर दिए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि राज्य सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं के अलावा आधार को किसी भी सेवा के लिए अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता है।

### चुनाव आयोग ने क्या कहा जानिए?

आयोग ने कहा कि आधार कार्ड केवल व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि वोटर कार्ड नंबर (EPIC) को आधार से जोड़ना केवल संविधान के अनुच्छेद 326, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार और डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 177/2023 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार किया जाएगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### महाराष्ट्र विप उपचुनाव

## 5 सदस्यों का निर्विरोध चयन तय



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधान परिषद के 5 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के लिए सिर्फ 5 उम्मीदवारों के नाम बचने से अब इनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा 27 मार्च को की जाएगी।

विधान परिषद की 5 रिक्त सीटों के लिए सोमवार, 17 मार्च को नामांकन की अंतिम तिथि थी। कुल 6 उम्मीदवारों ने आवेदन भरा, लेकिन मंगलवार को एक निर्दलीय उम्मीदवार का नामांकन अपूर्णता के कारण रद्द कर दिया गया। अब बची हुई 5 सीटों पर 5 ही उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे किसी भी तरह के मतदान की आवश्यकता नहीं रही।

पांच उम्मीदवारों में भाजपा के संदीप जोशी, संजय केनेकर और दादाराव केचे, शिंदे समूह की शिवसेना ने चंद्रकांत रघुवंशी और राकांपा अजीत पवार गुट के संजय खोडके हैं।

### विधान परिषद के चुनावी नियम

विधान सभा के विपरीत, परिषद हर 5 वर्ष में भंग नहीं होती है। विधान परिषद के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है। 78 सदस्यों में से 30 विधान सभा के विधायकों द्वारा चुने जाते हैं। 22 सदस्य स्थानीय स्वशासन निकायों के प्रतिनिधियों में से मतदान द्वारा चुने जाते हैं। इसी प्रकार, 7 सदस्य शिक्षकों से चुने जाते हैं और 7 सदस्य स्नातकों से चुने जाते हैं। इसी तरह राज्यपाल साहित्य, कला, सहकारिता और सामाजिक सेवाओं से 12 सदस्यों की नियुक्ति करते हैं।

# प्री प्लान्ड थी नागपुर हिंसा !

- देवेंद्र फडणवीस ने किया दावा
- अब तक 50 लोग गिरफ्तार, कई इलाकों में कर्फ्यू?

**एजेंसी । नागपुर**

औरंगजेब की कब्र के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हिंसा के संबंध में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है और नागपुर के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि हिंसा पूर्व नियोजित थी। फडणवीस ने कहा कि फिल्म 'छावा' से लोगों की भावनाएं उमड़ी हैं। इसमें संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब की ओर से किए गए क्रूर अत्याचारों को दर्शाया गया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार सिंघल ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में पांच एफआईआर दर्ज की गई है।



### नागपुर में कैसे भड़की हिंसा?

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की रात साढ़े सात बजे के करीब मध्य नागपुर में हिंसा भड़क गई और पुलिस पर पथराव किया गया। उन्होंने बताया कि यह हिंसा इस अफवाह के बाद फैली कि औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन की ओर से किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान एक समुदाय के धार्मिक ग्रंथ को जला दिया गया। पुलिस के अनुसार, पुराने भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में रात साढ़े 10 से साढ़े 11 बजे के बीच एक और झड़प हुई। अनियंत्रित भीड़ ने कई वाहनों को जला दिया और इलाके में घरों तथा एक क्लिनिक में तोड़फोड़ की।

### हिंसा में 34 पुलिसकर्मी घायल

भारतीय जनता पार्टी (BJP) के प्रदेश अध्यक्ष और नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को नागपुर के एक अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मिलने के बाद बताया कि हिंसा में 34 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि माहौल को खराब करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया और गृह विभाग की ओर से कोई चूक नहीं हुई। क्योंकि पुलिस हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच (हिंसा के दौरान) ढाल बनकर खड़ी रही।

### नागपुर में कहां लगा है कर्फ्यू?

बावनकुले ने कहा कि फिलहाल स्थिति थोड़ी तनावपूर्ण है, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल तैनात होने के कारण शहर में शांति है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकडगंज, पाचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाडा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाले इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया है।

### राजनीतिक बयानबाजी तेज

मायावती (BSP) ने कहा कि कब्रों या धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं है और सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। शिवसेना (UBT) की प्रियंका चतुर्वेदी ने फडणवीस सरकार पर हिंसा भड़काने और ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे (शिवसेना UBT) ने कहा कि यह हिंसा सरकार की विफलता को दर्शाती है और इसे राजनीतिक लाभ के लिए भड़काया गया।

# ठाणे-बोरीवली टनल परियोजना को हरी झंडी

### हाईकोर्ट ने जनहित याचिका खारिज की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

ठाणे और बोरीवली के बीच दोहरी भूमिगत सुरंग निर्माण परियोजना को लेकर मुंबई हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस परियोजना के खिलाफ दायर जनहित याचिका (PIL) को खारिज कर दिया, जिसमें मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) पर फर्जी विदेशी बैंक गारंटी के आधार पर ठेके को मंजूरी देने का आरोप लगाया गया था।



### कोर्ट का फैसला और कंपनी का पक्ष

मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की खंडपीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रवि प्रकाश की जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कंपनी की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ पहले से ही कानूनी विवाद मौजूद हैं। 2019 में हैदराबाद राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) में रवि ने कंपनी के खिलाफ एक याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर उन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इसके अलावा, केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल तुषार मेहता ने भी कंपनी का समर्थन करते हुए कहा कि याचिका व्यक्तिगत रंजिश का परिणाम है और इसमें जनहित जैसा कोई पहलू नहीं है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद ठाणे-बोरीवली टनल परियोजना को लेकर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो गई हैं और अब इस पर तेजी से काम शुरू होने की संभावना है।

### क्या था मामला?

वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (MEIL) ने ठाणे-बोरीवली सुरंग परियोजना के लिए एक विदेशी बैंक से फर्जी गारंटी पत्र प्रस्तुत कर एमएमआरडीए को धोखा दिया। उन्होंने इस मामले की जांच सीबीआई या विशेष जांच दल (SIT) से कराने की मांग की थी। हालांकि, कंपनी ने इन आरोपों को झूठा बताते हुए हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। कंपनी ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता ने कुछ तथ्य छुपाए हैं और यह याचिका जनहित से अधिक व्यक्तिगत हित से प्रेरित है।

# विधान परिषद में एमवीए को झटका

- नीलम गोर्हे के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को महाविकास आघाड़ी (MVA) को बड़ा झटका लगा। विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव स्पीकर राम शिंदे ने खारिज कर दिया। इस फैसले से गोर्हे को राहत मिली, जबकि विपक्ष ने सदन में हंगामा किया। नीलम गोर्हे हाल ही में दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान दिए गए बयान को लेकर चर्चा में आई थीं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाया था कि वे मर्सिडीज कार के बदले अपनी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) में पद बांटते हैं। इस बयान से शिवसेना (यूबीटी) और महाविकास आघाड़ी (MVA) के अन्य दलों में नाराजगी फैल गई।

### विपक्ष ने पेश किया था अविश्वास प्रस्ताव

गोर्हे के इस बयान के बाद विपक्ष ने सदन में अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने विधान परिषद अध्यक्ष को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि गोर्हे ने अपने विवादास्पद बयानों से सदन का विश्वास खो दिया है।

# गर्मी से निपटने में तालमेल की कमी, मुंबई समेत 9 शहरों के सरकारी विभाग असमंजस में

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



एसएफसी ने अगस्त, 2024 से जनवरी, 2025 के बीच किया अध्ययन अन्य आपदाओं के मुकाबले गर्मी को कम अहमियत Mumbai News. मोफीद खान। मुंबई सहित देश के कई शहरों में गर्मी कहर बरपा रही है। तेज धूप और उमस इंसानों को ही नहीं पशु-परिंदों को भी साल रही है। दुनिया में बढ़ती गर्मी के संदर्भ में देश के नौ शहरों में शोध संस्था सस्टेनेबल फ्यूचर्स कोलैबोरेटिव (एसएफसी) ने अगस्त, 2024 से जनवरी 2025 के बीच अध्ययन किया। इसमें खुलासा हुआ है कि मुंबई, दिल्ली समेत देश के नौ शहरों के सरकारी विभागों के बीच गर्मी से बचाव के लिए आपसी तालमेल की कमी है। रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि अन्य आपदाओं के मुकाबले सरकारी विभाग गर्मी को कम अहमियत देते हैं। यह अध्ययन मुंबई, दिल्ली, सूरत, बेंगलुरू, फरीदाबाद, ग्वाटलियर, कोटा, लुधियाना और मेरठ में किया गया। इन विभागों से बातचीत से की गई अध्ययनकर्ताओं ने आपदा विभाग, जिला प्रशासन, शहरी विकास और नियोजन प्राधिकरण, अस्पताल प्रशासन, श्रम विभाग, वन विभाग, जल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत की। इससे पता चला कि सरकारी विभागों में आपसी तालमेल वांछित स्तर से 26 प्रतिशत कम है। सरकारी विभाग गर्मी को बड़ी समस्या नहीं मानते। शहरी विकास और नियोजन प्राधिकरण ने सरकारी विभागों में आपसी तालमेल की कमी की बात सबसे अधिक बार दोहराई है। अल्पकालिक उपायों पर ही ध्यान अध्ययन के मुताबिक गर्मी और लू से निपटने के लिए उक्त शहरों में अल्पकालिक उपायों पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। इसमें पता चला कि गर्मी से बचाव के लिए 9 शहरों ने लोगों को सजग किया और ओआरएस का इंतजाम किया। आठ शहरों ने अस्पताल में ठंडे वार्ड-कूलिंग सेंटर बनाए। चार शहरों ने सार्वजनिक स्थान पर पेयजल की व्यवस्था की। सात शहरों ने टैंकर के जरिए जलापूर्ति की, 5 शहरों ने सार्वजिनक स्थानों पर शेड बनवाए, 4 शहरों में स्कूल के समय में बदलाव किया गया, 3 शहरों में ऑफिस का समय बदला, 4 शहरों में सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया।


दुनिया में गर्मी बढ़ रही है। गर्मी से बचाव के लिए फौरी तौर पर दीर्घकालिक उपायों पर ध्यान देने की जरूरत है, तभी हम मौसमी जोखिम का मुकाबला कर सकते हैं और प्रभावित की मदद कर सकते हैं।

# रायगढ़ में खार भूमि तटबंधों पर नहीं होगा ड्रोन सर्वेक्षण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि रायगढ़ जिले में खार भूमि तटबंधों की स्थिति का आकलन और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी भी तरह का ड्रोन सर्वेक्षण नहीं किया जाएगा। केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने राज्यसभा में भाजपा सांसद धैर्यशील पाटिल के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

### कोंकण क्षेत्र में 41 नई परियोजनाएं स्वीकृत



केंद्र सरकार की सहायता से रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में कोंकण आपदा न्यूनीकरण परियोजना के तहत 41 खारलैंड परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन सभी परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

### ड्रोन सर्वेक्षण पर महाराष्ट्र सरकार का रुख

चौधरी ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र को सूचित किया है कि ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार विश्व बैंक की सहायता से राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना (NCRMP) लागू कर रही है।

### रायगढ़ और पालघर की खारलैंड परियोजनाएं पूरी

रायगढ़ जिले में नरवेल बेनावाले और कचाली पिटकारी खारलैंड परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। पालघर जिले में वाधिव खारलैंड योजना भी पूरी की जा चुकी है।

इन परियोजनाओं के तहत कुल 2,052 हेक्टेयर भूमि पुन: प्राप्त की गई।

# बेतरतीब केबल वायरिंग पर कार्रवाई की तैयारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महानगर में एक इमारत से दूसरे इमारत और सड़कों के आर-पार फैले तारों के जाल का मामला मंगलवार को विधानसभा में उठा। इमारतों की दीवारों पर केबल और इंटरनेट के वायर लटकने को लेकर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस इस मामले में केबल ऑपरेटर कंपनियों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने कहा कि मुंबई में एक जगह से दूसरी जगह केबल वायर ले जाने के लिए मुंबई महानगरपालिका (मनपा) की इजाजत की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि मैंने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को आदेश दिए हैं कि मुंबई में अगर बगैर इजाजत के कोई भी केबल ऑपरेटर एक जगह से दूसरी जगह वायर फैलाने का काम करता है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा सदस्य योगेश सागर ने विधानसभा में यह मामला उठाया। योगेश सागर ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मुंबई को सुंदरता बनाने के लिए इस शहर को सजाया संवारा जा रहा है। लेकिन जगह-जगह लटके केबल के वायर और इंटरनेट के तारों की वजह से मुंबई की सुंदरता पर बट्टा लग रहा है। सागर ने कहा कि कुछ मामलों को छोड़कर ज्यादातर केवल ऑपरेटरों ने बगैर मनपा की इजाजत के कहीं भी बेतरतीब ढंग से तार फैलाते रहते हैं। इस मामले में कार्रवाई करने की जरूरत है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई की यह काफी बड़ी समस्या है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैंने मनपा आयुक्त को आदेश दिया है कि अगर किसी भी केबल ऑपरेटर या फिर इंटरनेट मुहैया करने वाले ऑपरेटर ने बगैर इजाजत तार फैलाया है तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे केबल ऑपरेटर के सामान जब्त करने का आदेश दिया गया है।

# 'मिशन हंड्रेड डेज' में ठाणे मनपा को प्रथम स्थान

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से ठाणे मनपा 'मिशन हंड्रेड डेज' पहल के तहत कार्य कर रही है। इस योजना के प्रारंभिक मूल्यांकन में ठाणे मनपा को पहला स्थान मिला है, जिससे उसकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने अधिकारियों को नागरिकों के कार्यों में लगने वाला समय बचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिए। अंतिम मूल्यांकन 17 से 28 अप्रैल के बीच होगा। मनपा मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त राव ने कहा कि सभी विभाग समन्वय बनाकर प्रक्रियाओं को सरल बनाएं और नागरिकों की प्रतिक्रिया के लिए ठोस कदम उठाएं। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, अभियंता प्रशांत सोनागरा समेत सभी उपायुक्त और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर जोर

वागले एस्टेट स्थित सीपी टैंक में जमा कचरे को आतकोली स्थित प्रक्षेपण स्थल पर ले जाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इससे शहर में कूड़ा उठाने का काम नियमित होगा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देशानुसार कचरा हटाने और शहर की सफाई को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

### 'माझी वसुंधरा' अभियान के तहत ई-शपथ


राज्य सरकार की 'माझी वसुंधरा' पहल के तहत सभी नागरिकों से ई-शपथ लेने की अपील की गई है। इस बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मोबाइल पर ई-प्रतिज्ञा ली। शिक्षा विभाग की उपलब्धियों और सांस्कृतिक-खेल महोत्सव की समीक्षा के दौरान एक विशेषांक भी जारी किया गया, जिसे उपायुक्त (शिक्षा) सचिन सांगले ने आयुक्त राव को सौंपा।

### राजस्व वसूली लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

आयुक्त राव ने मार्च माह के अंत तक सभी विभागों को 100% राजस्व वसूली लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। अतिक्रमण विभाग को सड़क पर लावारिस खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने और इन्हें उचित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जब्त वाहनों की सरकारी नियमों के तहत नीलामी कराई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा घोषित नए नियमों के आधार पर अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# 23 साल से फरार भाभी का हत्यारा गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | पालघर



भाभी की हत्या और भतीजे के अपहरण के आरोप में 23 साल से फरार चल रहे मोहम्मद तरबेज मोहम्मद इदरीस अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बीते 20 सालों से डोंबिवली में अपनी पहचान बदलकर रह रहा था।

### क्या है मामला?

वर्ष 2002 में विरार इलाके में अंसारी ने अपने भाई की पहली पत्नी शबाना परवीन की हत्या कर दी थी और उसके पांच महीने के बेटे को अगवा कर लिया था। इस मामले में उसके भाई की दूसरी पत्नी आफरीन बानो भी आरोपी थी, जिसने 2015 में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस को हाल ही में सूचना मिली कि अंसारी डोंबिवली में नाम बदलकर रह रहा है। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# महाराष्ट्र में नकली दूध उत्पादों पर केंद्र अनजान, कोई जानकारी नहीं

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र में बड़े स्तर पर नकली दूध उत्पाद तैयार हो रहा है या नहीं, केंद्र सरकार इससे अनभिज्ञ है। केंद्रीय पशुपालन व डेयरी विभाग ने कहा है कि इस बाबत उसके पास कोई विशिष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। केंद्रीय पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मंगलवार को लोकसभा में शिवसेना (उद्धव) सांसद संदीपान भुमरे के पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में दूध उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014-15 में 9.54 मिलियन मीट्रिक से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 16.04 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है, जो 68.13 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 225 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 347 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन हो गई है, जो 54.22 प्रतिशत है। बघेल ने बताया कि पशुपालन और डेयरी विभाग राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत डेयरी व्यवसाय में लगे किसानों और दूध उत्पादकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। विभाग ने उद्यमियों, किसानों और अन्य हितधारकों के कौशल को बढ़ाने के लिए कौशल विकास रूपरेखा भी तैयार की है। यह पहल व्यक्तियों को नवीनतम ज्ञान और प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाकर यह सुनिश्चित कर रही है कि पशुधन क्षेत्र प्रतिस्पर्धी बना रहे।

# ठाणे जिला परिषद ने पेश किया गतिशील और पारदर्शी बजट

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिला परिषद का वर्ष 2025-26 का बजट मंगलवार को बी. जे. हाई स्कूल ऑडिटोरियम में प्रस्तुत किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रशासक रोहन घुगे ने 93 करोड़ रुपये का बजट पेश करते हुए इसे जनोन्मुखी, गतिशील और पारदर्शी बताया।



### बजट प्रस्तुति के दौरान मौजूद अधिकारी

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार, परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे, मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी वैजनाथ बुराडकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा और स्वास्थ्य

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जाएगा। जिला परिषद स्कूलों में छात्रों की गुणवत्ता सुधारने के लिए दिशा कार्यक्रम लागू किया गया है, जिसे राज्य स्तर पर लागू करने के लिए ठाणे को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है। जिला परिषद स्कूलों के रखरखाव और मरम्मत कार्य किए जाएंगे। उचित निवेश प्रबंधन के चलते जिला परिषद की आय में 10 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

### प्रमुख बजटीय प्रावधान

दिव्यांग कल्याण: समाज कल्याण विभाग के तहत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 26 योजनाएं तैयार की गईं, जिसमें उनकी आर्थिक स्थिति और जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। कृषि और पशुपालन: किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए सीधा कार्य किया जाएगा।

### डिजिटल प्रशासन

सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए वेब पोर्टल बनाया जाएगा, जहां कर्मचारियों और अधिकारियों की ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध रहेगी। संपत्ति पंजीकरण के लिए नया पोर्टल विकसित किया जाएगा। सीएसआर फंड के उचित उपयोग के लिए अलग वेब पोर्टल बनाया जाएगा, जिससे सहायता प्रदान करने वाले संगठनों को आवश्यक जानकारी मिल सके।

# मनपा मुख्यालय के बाहर शौचालय निर्माण पर शिवसेना (उद्धव गुट) का विरोध



डीबीडी संवाददाता | कल्याण

केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत अभियान योजना के तहत कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) मुख्यालय के निकास द्वार पर बनाए जा रहे शौचालय का शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधानसभा सह संगठक रूपेश चंद्रकांत भोईर ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

### मनपा नक्शे में हेरफेर का आरोप

रूपेश भोईर के अनुसार, मनपा मुख्यालय के निकास द्वार को छोटा कर वहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है, जो कि मनपा के मंजूर नक्शे में अवैध हेरफेर है। उन्होंने कहा कि यह कार्य मनपा अधिनियम के नियमों का उल्लंघन है, इसलिए दोषी अधिकारियों पर एमआरटीपी (महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना और नगर नियोजन) अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### शौचालय निर्माण रोकने की मांग

भोईर ने मांग की है कि निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को तुरंत काम रोकने का आदेश दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

### मनपा प्रशासन पर बढ़ा दबाव

इस विरोध के चलते मनपा प्रशासन पर निर्माण कार्य को लेकर पुनर्विचार करने का दबाव बढ़ गया है। अब यह देखना होगा कि मनपा आयुक्त इस मुद्दे पर क्या निर्णय लेते हैं और क्या अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है।

# बारवी बांध प्रभावित गांवों में पानी संकट, पुनर्वास अधर में

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

बारवी बांध से प्रभावित पांच गांव और सातवाडिया बस्तियां गंभीर जल संकट और पुनर्वास समस्याओं का सामना कर रही हैं। 1971 में बांध निर्माण के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, लेकिन 55 वर्षों बाद भी पुनर्वास प्रक्रिया अधूरी है।

### पानी संकट गहराया, टैंकरों पर निर्भरता



मेहघर गांव का दो बार पुनर्वास किया गया, लेकिन आज भी वहां के निवासी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं। क्षेत्र में सड़कें नहीं हैं, पानी आपूर्ति योजनाएं विफल हो चुकी हैं, और गर्मियों में हालात और खराब हो जाते हैं। 6000 से अधिक लोग मानसून में बाढ़ और गर्मियों में पानी की भारी कमी से परेशान हैं।

### औद्योगिक विकास निगम पर सवाल

बारवी बांध से औद्योगिक विकास निगम (MIDC) को पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन प्रभावित गांवों के लिए कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। पुनर्वास के दौरान बच्चों को नौकरियों में समायोजित करने का वादा भी अधूरा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है।

### संघ का आंदोलन और सरकार से अपील

बारवी प्रकल्प पीड़ित सेवा संघ ने इस अन्याय के खिलाफ कई आंदोलन किए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। संघ के अध्यक्ष कमलाकर भोईर ने पुनर्वास प्रक्रिया को तेज करने और जल आपूर्ति की समस्या हल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# गिरफ्तार हुआ पत्नी की हत्यारा

डीबीडी संवाददाता | विरार

विरार शहर में पांच दिन पहले लापता हुई एक महिला का शव मंगलवार को पुलिस ने नाले से बरामद किया। जांच में सामने आया कि पति हरीश हिप्परगी ने अपनी 51 वर्षीय पत्नी उत्कला हिप्परगी की हत्या कर सिर धड़ से अलग कर दिया था। पुलिस ने पहले ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया था।

### बुलियन वॉलेट से हुआ खुलासा



हत्या के बाद पुलिस ने जब जांच शुरू की, तो घटनास्थल पर मिले बुलियन वॉलेट (गहनों का बटुआ) ने मृतका की पहचान करने में अहम भूमिका निभाई। सुराग मिलने के बाद हरीश को हिरासत में लिया गया, जहां उसने पूछताछ में अपनी पत्नी की हत्या की बात कबूल कर ली।

### चार घंटे की सर्च ऑपरेशन के बाद शव बरामद

मंगलवार सुबह मांडवी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने हरीश की निशानदेही पर चार घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया और अंतत: उत्कला का शव नाले से बरामद किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय हजारे ने बताया कि शव को फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### हत्या के बाद शव के टुकड़े किए

पुलिस के मुताबिक, 8 जनवरी को पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर हरीश ने गला दबाकर उत्कला की हत्या कर दी। वारदात को छुपाने के लिए उसने शव को विरार के देशमुख फार्म के पास ले जाकर धारदार हथियार से सिर काट दिया। सिर को एक सूटकेस में डालकर पिरकुंडा दरगाह के पास फेंक दिया, जबकि बाकी शरीर नाले में बहा दिया।


# पड़ोसियों के आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक शख्स द्वारा चोरी-छिपे पड़ोसियों के आपत्तिजनक वीडियो बनाने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद 28 वर्षीय आरोपी सचिन दयानू जाधव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### कैसे हुआ मामले का खुलासा?

ठाणे पुलिस के मुताबिक, 15 मार्च को आरोपी ने अपनी बिल्डिंग में रहने वाले एक दंपति के आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। इस बात की जानकारी पीड़ितों को बाद में मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



### किन धाराओं में दर्ज हुआ केस?

शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को सचिन दयानू जाधव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 77 (दृश्यरतिकता), 352 (जानबूझकर अपमान करना जिससे शांति भंग हो), और 351 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी, लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके के लोग डरे हुए हैं और पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी ने और कितने लोगों के वीडियो बनाए हैं और कहीं इन वीडियो का दुरुपयोग तो नहीं किया गया।


# अस्पताल से मंगलसूत्र हुआ चोरी

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली



अस्पताल से मंगलसूत्र चोरी होने की घटना सामने आई है। अमोल वाघमारे की पत्नी अलका को इलाज के लिए डोंबिवली पूर्व में फड़के रोड पर एक निजी बैंक के बगल में स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके गले में 36 हजार रुपए कीमत का सोने का मंगलसूत्र था। चूंकि उनका इलाज चल रहा था इसलिए उसे उतारकर तकिए के नीचे रख दिया। उन्होंने लगभग 9 बजे अपने तकिए के नीचे हाथ डाला, उन्हें तकिये के नीचे रखा मंगलसूत्र नहीं मिला। उन्होंने बिस्तर की जाँच की। बिस्तर के नीचे जाँच की. मंगलसूत्र कहीं नहीं मिला। महिला के पति ने रामनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस उपनिरीक्षक गाडेकर मामले की जांच कर रहे हैं।

# अवैध फेरीवालों के खिलाफ मुंबई मनपा का विशेष अभियान



**मुंबई।** अवैध फेरीवालों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुंबई महानगरपालिका की ओर से विशेष अभियान की शुरुआत की गई है. इस अभियान को सफल बनाने लिए, मनपा के संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लाइसेंसिंग, अतिक्रमण, , स्वास्थ्य, जलापूर्ति आदि विभागों की टीमें गठित की गईं हैं. इन टीमों के संयुक्त अभियान में क्षेत्र की सफाई, फुटपाथों पर अतिक्रमण हटाना, अनाधिकृत फेरीवालों को हटाना, लावारिस वाहनों को हटाना और प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है। मनपा के एफ उत्तर विभाग द्वारा मंगलवार को एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इनमें छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे स्टेशन, चर्चगेट, मस्जिद, सैंडहर्स्ट, रे रोड, डॉकयार्ड, माझगांव, भायखला, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। यह अभियान भविष्य में भी नियमित जारी रहेगा। बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने संबंधित अधिकारियों को अवैध फेरीवालों और फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। अतिरिक्त मनपा आयुक्त (शहर) डॉ. अश्विनी जोशी के मार्गदर्शन में विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं।

### रेलवे स्टेशनों के आसपास विशेष अभियान

इस अभियान में सड़कों की सफाई, फेरीवालों से मुक्त क्षेत्र आदि शामिल हैं। खासतौर पर रेलवे स्टेशन परिसरों के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। मुंबई के व्यस्त इलाकों में नागरिकों की आवाजाही आसान हो सके, यह सुनिश्चित करने के लिए मुंबई मनपा ने नियमित कार्रवाई के अलावा एक विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत अनधिकृत रेहड़ी-पटरी वालों, अनधिकृत निर्माणों को हटाया जा रहा है।

न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला

# सातवां आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाले में सातवें आरोपित जावेद आजम को गिरफ्तार किया है। जावेद आजम पर 18 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप है।




### कैसे हुआ खुलासा?

इस मामले में छठे आरोपित उनाचलम उल्हानाथन मारुथुवर ने रविवार को मुंबई पुलिस आयुक्तालय में आत्मसमर्पण किया था। उससे हुई पूछताछ के दौरान जावेद आजम का नाम सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने आजम को पूछताछ के लिए बुलाया और फिर गिरफ्तार कर लिया।

### घोटाले की पृष्ठभूमि


न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में कुल 122 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था। यह बैंक पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस द्वारा स्थापित किया गया था, और इसमें गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों की जमा राशि थी।

### संजय राऊत ने उठाए सवाल

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राऊत ने इस घोटाले पर सवाल उठाते हुए कहा कि "क्या बैंक से लूटा गया पैसा गरीबों का नहीं है?" उन्होंने इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ED) से करवाने की मांग की और आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है।

# मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरना होगा महंगा

**मुंबई!** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) से सफर करना अब महंगा होने वाला है। हवाई अड्डा प्रबंधन ने यात्रियों से यूजर डेवलपमेंट फीस (UDF) वसूलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत घरेलू यात्रियों से 325 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से 650 रुपये वसूले जाएंगे। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (MIAL) ने मंगलवार को जानकारी दी कि यात्री सुविधाओं के विस्तार और हवाई अड्डे के



बुनियादी ढांचे के विकास के लिए यह फैसला लिया गया है। इस प्रस्ताव को अब हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। हवाई अड्डा प्रबंधन के अनुसार, यूडीएफ लागू करने के साथ-साथ एयरलाइन कंपनियों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में लगभग 35% की कमी की जाएगी।

# राज्य के बस स्टैंड होंगे अत्याधुनिक

### BOT मॉडल पर होगा विकास

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बस स्टैंडों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए ₹निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (BOT) मॉडल पर कार्य किया जाएगा। इस योजना के तहत सिंधुदुर्ग जिले के दोडामार्ग, सावंतवाड़ी और अंबोली, छत्रपति संभाजीनगर जिले के सिल्लोड, और जळगाव जिले के चोपडा बस स्टैंडों का उन्नयन किया जाएगा। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी।

### बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण पर जोर



विधान भवन में राज्य परिवहन विभाग की बैठक में मंत्री सरनाईक ने बताया कि परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शहरों, तालुका और ग्रामीण क्षेत्रों में बस स्टैंडों को आधुनिक बनाया जाएगा। सिंधुदुर्ग जिले में सावंतवाड़ी, दोडामार्ग और अंबोली के बस स्टैंडों को उन्नत किया जाएगा। अंबोली, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, वहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बस स्टैंड बनाने का सुझाव पूर्व मंत्री दीपक केसरकर ने दिया। छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड बस स्टैंड पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए नई सड़क उपलब्ध कराई जाएगी।

### सड़क सुरक्षा और यात्री सुविधा पर ध्यान

पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार ने सिल्लोड बस स्टैंड पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जताई। इस पर मंत्री सरनाईक ने जल्द यात्रियों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक सड़क उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। चोपडा बस स्टैंड, जो मध्य प्रदेश की सीमा से सटे आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्थित है, उसे विधायक चंद्रकांत सोनवाने के सुझाव के बाद आधुनिक बसपोर्ट में बदलने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। बैठक में पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर, विधायक चंद्रकांत सोनवाने, एसटी महामंडल के महाप्रबंधक दिनेश महाजन और आर्थिक सलाहकार गिरीश देशमुख सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुलुंड में टूटी पानी की पाइपलाइन

## कई इलाकों में जल आपूर्ति बाधित



**मुंबई।** मुलुंड पूर्व में 750 मिमी व्यास की मुख्य पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित होगी। मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है और नागरिकों से संयमित जल उपयोग करने की अपील की है।

BMC के अनुसार, सीवरेज परियोजना विभाग द्वारा माइक्रो-टनलिंग का काम किया जा रहा था। इस दौरान हरिओम नगर और म्हाडा कॉलोनी में स्थित नाले के तल को नुकसान पहुंचा, जिससे मुख्य जल पाइपलाइन में बड़े पैमाने पर रिसाव हो गया। मरम्मत कार्य को पूरा करने और जलापूर्ति बहाल करने में लगभग 12 से 14 घंटे का समय लग सकता है। आज, 18 मार्च 2025, तक प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

**टी वार्ड के ये इलाके प्रभावित होंगे:**

मुलुंड पूर्व – ईस्टर्न एक्सप्रेसवे का पूर्वी भाग, म्हाडा कॉलोनी, हरिओम नगर

मुलुंड ईस्ट – पूर्वी एक्सप्रेसवे के पश्चिमी भाग से मुलुंड स्टेशन तक का क्षेत्र

**पश्चिम रेलवे**

**आपूर्ति और फिटमेंट एसएस आरएमपीयू**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिमी रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-13, **निविदा सूचना संख्याः WR-PL-ME-EST-608547 दिनांकः 15.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम और उसका स्थानः** एलएचबी एसी कोच के लिए एसएस आरएमपीयू ट्रफ असेंबली की आपूर्ति और फिटमेंट। **अनुमानित लागतः** 4,51,83,365.52 **ईएमडीः** 3,75,900/- **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 15.04.2025, 14:00 बजे तक और **ई-निविदाओं का उद्घाटनः** 15.04.2025 को 14:30 बजे। बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। 1186

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी**

**समाज कल्याण विभाग**

**ई- निविदा सुचना क्र. ०१ सन २०२४-२५**

खालील काम करण्यासाठी सक्षम व अनुभवी स्वयंसेवी संस्थांकडुन ई- निविदा मागविण्यात येत आहेत.

| अ.क्र. | कामाचे स्वरूप | निविदा फॉर्म फी | अंदाजपत्रकीय रक्कम | निविदा विक्री व स्विकारण्याची दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| १ | मुली व महिलांसाठी समुपदेशन केंद्र चालविणे | रु. २,२४२/- | रु. ५,००,०००/- | निविदा विक्री- २०/०३/२०२५ निविदा स्विकारण्याची अंतिम दिनांक - २८/०३/२०२५ |

सदर निविदाबाबची माहिती मनपा mahatenders.gov.in सदर या संकेत स्थळावर दि. २०/०३/२०२५ ते दि. २८/०३/२०२५ रोजीपर्यंत उपलब्ध आहे. ऑनलाईन निविदा संकेतस्थळावर दि.२८/०३/२०२५ रोजी दु.१५.०० वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येतील.

सही/-
उपआयुक्त (समाज कल्याण)
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका

# विधानभवन की सीढ़ियों पर सत्तापक्ष और विपक्ष का आमना-सामना



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानभवन में मंगलवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नारेबाजी हुई। सत्तापक्ष ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, वहीं विपक्ष ने मंत्री नीतेश राणे को भड़काऊ बयान देने के आरोप में हटाने की मांग की।

मंगलवार सुबह, सत्तापक्ष के विधायक विधानभवन की सीढ़ियों पर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने ₹औरंगजेब की कब्र हटाओ₹ के नारे लगाए और सरकार से कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक प्रवीण दरेकर ने कहा कि ₹छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज को यातना देने वाले औरंगजेब की कब्र महाराष्ट्र में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।₹ कुछ विधायकों ने यहां तक कहा कि अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की, तो बाबरी मस्जिद की तरह यह कब्र भी गिरा दी जाएगी।

### विपक्ष ने साधा निशाना, कहा- नीतेश राणे को हटाएं

विसत्तापक्ष के प्रदर्शन के जवाब में विपक्षी विधायकों ने भी विधानभवन की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि ₹जिसके हाथ में गली से लेकर दिल्ली तक सत्ता है, वे ही इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। अगर सच में कार्रवाई करनी है, तो कब्र हटाने में कितना समय लगता?₹ विपक्षी विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा कि नीतेश राणे लगातार भड़काऊ बयान दे रहे हैं, जिससे महाराष्ट्र का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ₹नागपुर में जो कुछ हुआ, वह इसी का नतीजा है। सरकार को राणे को तुरंत मंत्री पद से हटाना चाहिए और ऐसे बयान देने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस जवाबी प्रदर्शन के कारण कुछ देर के लिए विधानभवन का माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, बाद में पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को संभाला। अब देखना होगा कि सरकार इन दोनों मांगों पर क्या रुख अपनाती है।

**पश्चिम रेलवे**

**मुंबई सेंट्रल डिवीजन के "A1 और C" श्रेणी के स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टॉल का प्रावधान**

अप्रैल 2025 के महीने के लिए "A1 और C" श्रेणी के स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टॉल के लिए ई-नीलामी आयोजित की जाएगी।

**नीलामी कैटलॉग संख्याः BCT-CTG-25-14**
ई-नीलामी की तिथिः 03.04.2025

| क्र. | लॉट संख्या | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | MPS-BCT-ADH- MPS-5-25-1 | अंधेरी | A/1 | पूर्व कॉनकोर्स |

इकाई का प्रकारः MPS., क्षेत्रफल (वर्ग फीट): 60 वर्ग फीट, ई-नीलामी का समयः 12:00 बजे।

**नीलामी सूची संख्याः BCT-CTG-25-15**
ई-नीलामी की तिथिः 07.04.2025

| क्र. | लॉट संख्या | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | MPS-BCT-DIC-MPS-16-24-1 | दहिसर | C | PF क्रमांक 2/3 |
| AA/2 | MPS-BCT-VGN-MPS-15-24-1 | वनगांव | C | PF क्रमांक 1 |

इकाई का प्रकारः MPS, क्षेत्रफल (वर्ग फीट): 60 वर्ग फीट, ई-नीलामी का समयः 12:00 बजे।

**नीलामी सूची क्रमांकः BCT-CTG-25-16**
ई-नीलामी की तिथिः 08.04.2025

| क्र. | लॉट संख्या | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | MPS-BCT-CCG-MPS-10-24-1 | चर्चगेट | C | कॉन्कोर्स हॉल |

इकाई का प्रकारः MPS., क्षेत्रफल (वर्ग फीट): 60 वर्ग फीट, ई-नीलामी का समयः 12:00 बजे

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध हैं। 1190

हमें लाइक करें: : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: : X.com/WesternRly

**MAHAVITARAN** **e -Tender Notice**

**MAHARASHTRA STATE ELECTRICITY DISTRIBUTION CO. LTD .**

Total No's of **Four** Tender's i.e. **T-197, T-198, T-199 & T-200 (2024-25)** for various types of Civil works under company's Civil Division, MSEDCL, Bhandup office have been made available on **www.mahadiscom.in** e-Tender website. Tenders are available for sale from **Dt. 19.03.2025 to 25.03.2025** & Last Date of submission of Tenders will be up to **Dt. 26.03.2025 1.00 PM.** For any changes in Tender edition/dates/etc., corrigendum will be henceforth published on our website.

**Sd/-**
**Executive Engineer (C) CCCM, Bhandup.**

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division, P.W.D., ESIS Hospital Compound, L.B.S. Road, Mulund (W), Mumbai-400080.
e-mail: elnorthmumbai.ee@mahapwd.gov.in Tel. No. 022-25601327
e-Tender Notice No.103/2024-25

Online percentage rate tenders in "B-1" form are invited by the Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division, Mulund, Mumbai for the following work from The Electrical Contractor from Govt. of Maharashtra. (as per env. no.1 document) e-Tender document can be downloaded from the e-Tendering portal of P.W.D., Government of Maharashtra http://mahatenders.gov.in, The Executive Engineer, NMED, Mulund, Mumbai reserves right to accept or reject any tender. The conditional tender will not be accepted.

| Name of Work:- | Estimate Cost put to tender: |
|---|---|
| 1.Est.No.OW/NMED/BESD/BKC/24397/2024-25.Providing Replacement to old Deteriorated Skeleton type panel for additional Load at Food and Drug Administration Building (G+4 Flr), Ground Flr, BKC, Bandra east, Mumbai 400051. (For Bill Destribution Number Vandre/MMRDA/33/331, CA NO. 102700750 & Bill Destribution Number Vandre/ MMRDA/07/301/004/004/001, CA NO. 102247300) | Rs. 340068/- |
| 2.Est. No.ATL/ NMED/ BESD/ BKC/ 24386/ 2024-25:- Providing Fully Comprehensive Annual maintenance For 3 Nos Lifts Installed at GST Bhavan-Bandra (Sales Tax Bldg.), "B" wing Bandra East Mumbai. | Rs. 1440000/- |
| 3.Est.No.OW/NMED/BESD/BKC/24371/2024-25:- Providing Renovation to Electrical Installation at Ground Floor Lobby and entrance door & mural wall area affecting due to Civil Renovation Work in Food & Drug Bldg, Gr. floor, Bandra Kurla Complex Bandra (East) Mumbai 400051. | Rs. 597184/- |
| 4. Est.No.ATL/MESD/GKP/24823/2024-25, Provided fully comprehensive maintenance nos. Lifts in building no.6 at Ghatkopar projet Ghatkopar east, Mumbai. (3 years) (3rd call) | Rs. 1397376/- |
| 5.Est.No.SR/NMED/MESD/KRL/24982/2024-25 Providing addition and alteration with renovation to electrical installation in connection with civil work i.e. Kitchen, Bhandare Hall, Dining barrack/Ration Barrack room, Dispencery, Liabrary, P.O. office, staff barrack, meter room, bharat bldg, supdt bunglow, supdt office, 6 to 11 barracks, laundry, special observation home, MDC school barracks, MDC Home at Balkalyan Nagari, Children Home, MDC home at children aid society, Mankhurd, Mumbai 88 (2nd Call) | Rs. 3760664/- |
| 6.Est.No.ATAL/NMED/MSSD/OMS/24056/2024-25, Providing CAMC to split AC, Window AC and Cassette AC installed Old Maharashtra Sadan New Delhi. (2nd Call) | Rs. 979900/- |
| 7.Est.No.ATL/NMED/BESD/BCN/24263/2024-25. Providing 3 yearly Fully Comprehensive Maintenance (FCAMC) of facade lighting system for mumbai suburban District Headquater Administrative Building having Ground +10 upper fir at Bandra (East) Mumbai 400051.(2nd Call) | Rs. 1074408/- |
| 8.Estt.No.ATL/NMED/BESD/BND/24160/2024-25, Providing temporary 8 nos wireman & 3 nos unskilled Labour for period of 6 Months for Maintaining Electrical for non residential Bldg & All Residential Bldg, under Bandra Section, Bandra East Mumbai (for 6 Months) (2nd Call) | Rs. 1635192/- |
| 9. Estt.No.OW/AESD/KDL/24691/2024-25, Providing electrical installation due to civil rennovation work in talathi offices at Eksar, Gorai and Erangal, Mumbai. (2nd Call) | Rs. 446988/- |

Document Download/Sale Period: Date: 19.03.2025 to 27.03.2025 up to 17.30 Hrs.
Bid Opening Date: 29.03.2025 after 14.00Hrs.
(Govt Of Maharashtra,PWD, Mantralay Vide Letter No. संकीर्ण २०२२/प्र.क्र.१०४/इमा-२ दि.१४.०२.२०२५)
All information about e-Tender is available on following website.
1. Contractor should Quote Price Excluding G.S.T. @ 18% will be paid Extra.
2.http://mahatenders.gov.in
(If there will be change in e-Tender Notice, it will be informed on above website)
3. Executive Engineer, NMED, Mumbai for office Notice Board.
4...Criteria of post qualification is included in the work agreement.

Sd/-
Executive Engineer
North Mumbai Electrical Division,
P.W.D., Mumbai.

EE/NMED/TC/952 /2025 Date: 19/03/2025 DGIPR-2024-25/7167

# 'उद्धव ने PM मोदी से मांगी थी माफी'

### डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने 2 साल बाद सदन में किया खुलासा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधान परिषद में बड़ा खुलासा करते हुए उद्धव ठाकरे पर तीखा प्रहार किया। महाराष्ट्र विधान परिषद में बजट सत्र में जब एकनाथ शिंदे सरकार का पक्ष रख रहे थे, तभी शिवसेना उद्धव गुट के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान उद्धव ठाकरे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान माफी मांगी थी और कहा था हम आप के साथ सरकार बनाना चाहते है लेकिन वो मुंबई आकर पलट गए।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**
**अभिरुची की अभिव्यक्ती विज्ञापन**

**विषय-** के पूर्व विभाग के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत स्कॉटर्स कॉलनी प्रसुतीगृह मे 'ड' संवर्ग के रिक्त पद ठेका आधार पर स्वयंसेवी संस्था के जरिए भरने के बारे में।

के पुर्व विभाग के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत स्कॉटर्स कॉलनी प्रसुतीगृह मे 'ड' संवर्ग के रिक्त पद ठेका आधार पर स्वयंसेवी संस्था के जरिए (बचत गट छोडकर) भरने की इच्छुक संस्था भविष्य निर्वाह निधी, राज्य एंव कर्मचारी बीमा योजना में पंजीकृत कामगार सहकारी संस्था, सेवा सहकारी संस्था, बेरोजगार सेवा सहकारी संस्था, गैर सरकारी संस्था, (इन सभी संस्थाओं का स्थापना का उद्देश्य उनके सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराना हो) आदि संस्थाओं की ओर से उनकी पात्रता सूची तैयार करके लॉटरी पद्धती से चुनाव कर काम करने के लिए आवेदन मांगते है।

आवेदन का नमुना स्कॉटर्स कॉलनी प्रसुतीगृह कार्यालय में दि.19-03-2025 से दि. 24.03.2025 तक सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 तक मिलेगा। अंतिम तिथी दि. 25-03-2025 (दोपहर 03.00 बजे तक)

निश्चीत कार्यालयीन कालावधी के बाद दाखिल आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/-
वैद्यकिय अधिकारी (प्र)
स्कॉटर्स कॉलनी प्रसुतीगृह
जोगेश्वरी (पूर्व)

पीआरओ/ 2844/विज्ञा./2024-25


समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## बढ़ती उम्र थामने के लिए विज्ञान की पहल

दुनिया के वैज्ञानिक पिछले कुछ सालों से कोशिका के स्तर पर मानव जीवन काल बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक आयु-वृद्धि को बढ़ावा देते हैं। वे यह भी जानने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को पलटा जा सकता है। उनकी रिसर्च का मुख्य फोकस टेलोमियर पर है क्योंकि उसके छोटा होने पर बुढ़ापा आता है। आखिर टेलोमियर क्या होते हैं? टेलोमियर दरअसल कोशिका के नाभिक में स्थित गुणसूत्रों (क्रोमोसोम) के सिरों पर एक सुरक्षात्मक संरचना है जो जूते के फीते की नोक की तरह काम करती है। टेलोमियर कोशिकाओं के डीएनए को सुरक्षित रखने और कोशिकाओं की वृद्धि और विभाजन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समय के साथ टेलोमियर छोटे होते जाते हैं। इसकी वजह से कोशिकाएं स्वस्थ विकास के लिए विभाजित होने की अपनी क्षमता खो देती हैं और कुछ अंततः मरने लगती हैं। मनुष्यों में कोशिका के स्तर पर टेलोमियर का अध्ययन हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। अब वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने बुढ़ापा-रोधी शोध को आगे बढ़ाने के लिए मानव जैसे छोटे टेलोमियर वाले चूहे विकसित किए हैं। मानव जैसे छोटे टेलोमियर मानव शरीर और अंगों में आयु वृद्धि के अध्ययन को आसान बनाते हैं। आम तौर पर चूहों में टेलोमियर मनुष्यों की तुलना में 10 गुना लंबे होते हैं।

इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता जिएयू जू ने कहा कि यह वास्तव में मानवकृत टेलोमियर वाला पहला माउस मॉडल है क्योंकि इस मॉडल में टेलोमियर वयस्क ऊतकों में व्यक्त नहीं होता है। जू ने कहा कि अब हमारा लक्ष्य यह देखना है कि चूहों में उम्र कैसे बढ़ती है। आनुवंशिक रूप से संशोधित चूहे जू की टीम को कई शोध परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम बना रहे हैं। दरअसल रिसर्च के मुख्य क्षेत्रों में यह अध्ययन करना शामिल है कि कैसे छोटे टेलोमियर कैंसर के विकास की संभावना को कम करते हैं और मानव जीवनकाल को प्रभावित करते हैं। अध्ययन का एक दूसरा लक्ष्य उम्र से संबंधित बीमारियों से मुक्त जीवन की अवधि को बढ़ाने के लिए रणनीतियों की खोज करना भी है।

भविष्य की दवाओं और उपचारों के विकास के लिए इस शोध के महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। दीर्घावधि में यह बुढ़ापा रोधी रणनीतियों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है जिनका उद्देश्य टेलोमियर की रक्षा करने के लिए कोशिकाओं को सक्रिय करना और जीवन काल को बढ़ाना है। कई बीमारियां कोशिका के स्तर पर उत्पन्न होती हैं, इसलिए दवाओं को लक्षित करना एक सामान्य रणनीति है। शोधकर्ता यह अध्ययन भी कर रहे हैं कि नींद मानव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती है। संशोधित चूहों का उपयोग यह देखने के लिए किया जाएगा कि नींद की कमी और जीवन के अन्य तनावों का टेलोमियर विनियमन और उम्र वृद्धि पर क्या प्रभाव पड़ता है। इन विशेष चूहों का विकास 10 साल पहले शुरू हुआ था। टेलोमियर उम्र वृद्धि को कैसे नियंत्रित करते हैं, पहले इसका अध्ययन पेट्री दूध में अलग-अलग मानव कोशिकाओं



का उपयोग करके किया जाता था।

नए माउस मॉडल की खासियत यह है कि इससे पूरे जीव में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया जा सकता है। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि आयु-वृद्धि, मानव दीर्घायु और कैंसर पर अध्ययन को आगे बढ़ाने के लिए संशोधित चूहों को अन्य शोध टीमों के साथ साझा किया जाएगा। नया माउस मॉडल दुनिया भर के विज्ञानियों को इन प्रक्रियाओं का पता लगाने के लिए एक मूल्यवान उपकरण प्रदान कर सकता है। एक दिलचस्प बात यह है कि कुछ जीवों ने अस्थायी रूप से उम्र वृद्धि की प्रक्रिया को उलटने का तरीका खोज लिया है। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की एक टीम द्वारा किए गए नए शोध के अनुसार मेडागास्कर का बौना लीमर कोशिका के स्तर पर उम्र बढ़ने की घड़ी को पीछे कर सकता है। उन्होंने पाया कि चूहे जैसा यह प्राइमेट जानवर अपने वार्षिक हाइबरनेशन(शीतनिद्रा) के दौरान समय को थाम सकता है।

बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बौने लीमर के पास अपने टेलोमियर को छोटा होने से रोकने और उन्हें लंबा करने का एक तरीका है, जिससे उनकी कोशिकाओं को कुछ समय के लिए प्रभावी रूप से फिर से जीवंत किया जा सकता है। अध्ययन की प्रमुख लेखक मरीना ब्लैंको ने कहा कि यह सब शीतनिद्रा के दौरान होता है। जब जंगल में सर्दी शुरू होती है, तो बौने लीमर पेड़ों के छेदों या भूमिगत बिलों में गायब हो जाते हैं, जहां वे हर साल सात महीने तक निलम्बित अवस्था में रहते हैं। यह भोजन की कमी के समय में जीवित रहने की एक रणनीति है। मेटाबोलिज्म अथवा चयापचय की धीमी गति की इस अवधि के दौरान उनकी हृदय गति लगभग 200 धड़कन प्रति मिनट से आठ से भी कम हो जाती है। वे हर 10 मिनट या उससे भी कम समय में केवल एक सांस लेते हैं। बौने लीमर ठंडी अवस्था में लगभग एक सप्ताह तक रह सकते हैं। उसके बाद उन्हें थोड़े समय के लिए गर्म होना पड़ता है।अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने शीतनिद्रा से पहले, उसके दौरान और उसके बाद ड्यूक लीमर सेंटर में 15 बौने लीमर का अनुसरण किया। उनके गालों से लिए गए नमूनों का परीक्षण करके यह पता लगाया कि समय के साथ उनके टेलोमियर में कैसे बदलाव हुए। उन्हें शीतनिद्रा में मदद करने के लिए, शोधकर्ताओं ने थर्मोस्टेट को धीरे-धीरे 21 डिग्री सेल्सियस से 10 के मध्य तक कम कर दिया ताकि लीमर के मूल निवास में सर्दियों की स्थिति का अनुकरण किया जा सके। उन्होंने लीमर को कृत्रिम बिल दिए जहां वे सिकुड़ कर ठंड से बच सकें। जो लीमर जाग रहे थे और सक्रिय थे, उनके समूह को भोजन दिया गया । दूसरे समूह के लीमर महीनों तक हाइबरनेशन के सीजन में बिना खाए पिए या हिले-डुले अपनी पूंछ में जमा वसा पर जीवित रहे, जैसा कि वे जंगल में करते थे।आमतौर पर प्रत्येक कोशिका विभाजन के दौर के साथ टेलोमियर की लंबाई समय के साथ कम होती जाती है। लेकिन आनुवंशिक अनुक्रमण से पता चला कि हाइबरनेशन के दौरान, लीमर के टेलोमियर छोटे नहीं हो रहे थे वे वास्तव में लंबे हो गए थे। दूसरे शब्दों में वे अपनी कोशिकाओं को अधिक युवा अवस्था में वापस ले गए। कुल मिलाकर, टेलोमियर उन लीमरों में लंबे हो गए, जिन्होंने गहरी नींद का अनुभव किया। इसके विपरीत, खाने के लिए 'जागने' वाले लीमरों में टेलोमियर की लंबाई अध्ययन के दौरान अपेक्षाकृत स्थिर रही। लीमर में हुए परिवर्तन अस्थायी थे। जानवरों के हाइबरनेशन से बाहर आने के दो सप्ताह बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि उनके टेलोमियर हाइबरनेशन से पहले की लंबाई पर वापस आ गए।


## संपादकीय

## ताकि सेफ रहे सेब

दुनिया को नये टैरिफ युद्ध में धकेलने वाले ट्रंप प्रशासन के दबाव की आंच हिमाचल के सेब उत्पादकों तक भी पहुंच रही है। भारत पर सेब आदि उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ घटाने के दबाव ने हिमाचल के सेब उत्पादकों के माथे पर चिंता की लकीरें उकेर दी हैं। वे केंद्र सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि किसी भी कीमत पर अमेरिकी सेब पर टैरिफ कम न किया जाए, अन्यथा लाखों उत्पादकों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। वे तब से फिक्रमंद हैं जब वर्ष 2023 में आयात शुल्क सत्तर फीसदी से घटाकर पचास फीसदी कर दिया गया था। उनको फिक्र है कि यदि फिर टैरिफ में कमी की गई तो भारतीय बाजार अमेरिका के उच्च गुणवत्ता वाले सस्ते सेब से पट जाएगा। जिससे घरेलू सेब उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। आंकड़े इस गंभीर स्थिति को बयां करते हैं कि वर्ष 2018 में जब टैरिफ बढ़ाए गए तो वर्ष 2022-23 तक अमेरिकी सेब का आयात 1.28 लाख मीट्रिक टन से घटकर सिर्फ 4,486 मीट्रिक टन रह गया था। मौद्रिक संदर्भ में देखें तो यह 145 मिलियन डॉलर से घटकर मात्र 5.27 मिलियन डॉलर रह गया था। सेब उत्पादक इस बात को लेकर चिंतित है कि जब वर्ष 2023 में टैरिफ को फिर से वापस पचास फीसदी पर लाया गया तो आयात में करीब 20 गुना वृद्धि हो गई थी। ऐसे में यदि किसी भी तरह की कमी फिर आयात शुल्क में की जाएगी तो भारतीय बाजार वाशिंगटन सेब से पट जाएंगे। फिर भारतीय प्रीमियम सेब से बहुत कम कीमत पर मिलने के कारण गुणवत्ता का विदेशी सेब उपभोक्ताओं की प्राथमिकता बन जाएगा। खासकर संपन्न तबके की पहली पसंद बन जाएगा। इस चिंता ने घरेलू सेब उत्पादकों की नींद उड़ा दी है। उन्हें डर कि पौष्टिकता व रस की गुणवत्ता में भारतीय सामान्य सेब अमेरिकी सेब का मुकाबला नहीं कर पायेगा। लोगो में आम धारणा रहती है कि विदेशी सेब ज्यादा अच्छा होगा। बहरहाल, अमेरिकी सेब पर टैरिफ घटाने की आशंका से सात लाख सेब उत्पादकों की आजीविका पर खतरा मंडराने लगा है। इसकी वजह यह भी कि अमेरिकी व्यापार वार्ता में कृषि टैरिफ घटाना मुख्य मुद्दा है। हालांकि, भारत जो उच्च आयात शुल्क लगाता है वह सोयाबीन पर 45 फीसदी, मक्का पर 50 फीसदी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर 150 फीसदी है। अमेरिकी मांग है कि उसके कृषि निर्यात के लिये अवरोध कम किए जाएं। लेकिन निर्विवाद रूप से व्यापार एकतरफा नहीं हो सकता। अगर भारत को रियायतें देनी ही हैं तो उसे अपने उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिये पारस्परिक बाजारों में पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेब उत्पादक पहले ही सस्ते ईरानी आयातों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे हैं। ईरानी सेब भारतीय बाजार में पचास-साठ रुपये कम कीमत पर उपलब्ध है, जिसकी वजह से गैर-प्रीमियम गुणवत्ता वाले सेबों का लाभकारी मूल्य मिलना बेहद मुश्किल है। स्थानीय सेब उस दर पर आयातित सेबों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, क्योंकि राज्य में उत्पादन व परिवहन लागत ज्यादा है। यह बात जगजाहिर है कि हिमालय के पहाड़ी इलाकों के कारण उच्च उत्पादन लागत से किसान जूझ रहे हैं। जिसमें मशीनीकरण असंभव हो जाता है। इसके विपरीत, अमेरिकी सेब उत्पादक अत्यधिक मशीनीकृत खेती और बड़े पैमाने पर सब्सिडी से लाभान्वित होते हैं। यही असंतुलन भारत में सेब उद्योग को अनियमित आयातों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। भारतीय उत्पादकों के लिये सुरक्षात्मक उपाय किए बिना किसी भी तरह की टैरिफ कटौती पहले से ही संकट में पड़े फल उद्योग को पंगु बना देगी। वहीं दूसरी ओर 'वोकल फॉर लोकल' को एक नारे से अधिक व्यवहार में लाना है तो भारत को आंख मूंदकर आयात शुल्क कम करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अपने उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिये उसे अमेरिकी दबाव का प्रतिरोध करना चाहिए। भारतीय हितों को सामने रखकर ही बातचीत को आगे बढ़ाना चाहिए। साथ ही निर्यात के अवसरों का विस्तार करते हुए कमजोर क्षेत्रों के संरक्षण की भी पहल करनी चाहिए।

## शख्सियत | योगेश

## भारतीय गीतकार



योगेश गौड़ (19 मार्च 1943 – 29 मई 2020), जिन्हें केवल योगेश नाम से श्रेय दिया गया है भारतीय लेखक और गीतकार थे। विशेष रूप से उन्हें आनंद (1971) के कहीं दूर जब दिन ढल जाय और जिंदगी कैसी है पहेली जैसे गीतों के लिए सबसे अच्छी तरह से जाना जाता है। योगेश ने साझा किया था कि उन्हें क्या लिखने के लिए प्रेरित किया।


योगेश का जन्म 19 मार्च 1943 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ था। वह काम की तलाश में 16 साल की उम्र में बॉम्बे चले गए और अपने चचेरे भाई योगेंद्र गौड़ से मदद मांगी जो कि एक पटकथा लेखक थे। उनका पहला कार्य 1962 में था, जब उन्होंने बॉलीवुड फिल्म सखी रॉबिन के लिए छह गीत लिखे, जिसमें ₹तुम जो आ गए₹ गीत भी शामिल था। जिसे मन्ना डे ने गाया था। इस गीत ने बॉलीवुड में उनके करियर की शुरुआत की। उन्होंने भारत के कुछ बेहतरीन निर्देशकों जैसे हृषिकेश मुखर्जी और बसु चटर्जी के साथ काम किया। योगेश ने सुपरहिट फिल्म आनंद (1971) को परिभाषित करने वाले हिट गीतों के बोल ₹कहीं दूर जब दिन ढल₹ और ₹जिंदगी कैसी है पहेली₹ लिखे। उन्होंने प्रसिद्ध हिंदी गीतों में 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए, जिंदगी कैसी है पहेली हाय, रिमझिम गिरे सावन, कई बार यूँ भी देखा है... , बातों-बातों में से मेरा मन नहीं कहो। योगेश ने एक लेखक के रूप में टेलीविजन धारावाहिकों में भी काम किया। उनके कार्य में सम्मान के लिये उन्हें दादासाहब फाल्के पुरस्कार के अलावा यश भारती पुरस्कार भी मिल चुका है। इन्होंने कई फिल्मों के गीत लिखे हैं जिसमें मिली (1975), मंज़िल (1979), छोटी सी बात (1975), रजनीगंधा (1974) प्रमुख रही हैं। योगेश गौड़ का 77 वर्ष की आयु में 29 मई 2020 को निधन हो गया। दिग्गज गायिका लता मंगेशकर ने गीतकार को ट्विटर पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, 'मुझे योगेश जी की मृत्यु के बारे में पता चला, जिन्होंने कई दिल दहलाने वाले गीत लिखे। मैंने उनके लिखे कई गीत गाए हैं। वह बहुत ही शांत और सुलझे हुए इंसान थे। मैं उनके प्रति अपने सम्मान को चुकाती हूँ।'

## जीवन मंत्र

## कैसे मिलेगी शांति

जब आप ध्यान करते हैं, तो कम से कम उस वक्त तो आपके लिए कुछ भी और मायने नहीं रखता। सिर्फ आपका वजूद बच जाता है, वहां और कुछ भी शेष नहीं रहता।

जैसे समुद्र की सतह पर हलचल रहती है, पर नीचे गहराई में यह पूर्णतः शांत रहता है। जब आप उस गुण के साथ अच्छा तालमेल बिठा लेंगे, तभी वास्तविक शांति को जान पाएंगे। प्रेम-करुणा और क्रोध-घृणा की शक्तियां संसार में हमेशा कार्य करती रही हैं। यह झूले के खेल की तरह है। सवाल यह है कि आप झूले के किस सिरे को वजनदार करना चाहते हैं? जैसे ही आप ऐसी चीजों में विश्वास करने लगते हैं, जो आपके अनुभव में नहीं है, स्वाभाविक रूप से आप द्वंद्व में जीने लगते हैं। कृपया इस पर ध्यान दें। आज आप एक शांत व्यक्ति हैं, लेकिन कल अगर कोई आपकी मान्यताओं और परंपराओं का विरोध करने लगे, तो आप उससे तुरंत झगड़ने लगेंगे। विश्वास में जीने में क्या बुद्धिमानी है? विश्वास में जीने से क्या लाभ है? सिर्फ इतना कि आपका अहं संतुष्ट होता है। 'मैं नहीं जानता' अहं के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। 'मैं जानता हूं' एक ऐसा तरीका है, जिससे आप अपने अहं को बढ़ावा दे सकते हैं। किसी खास स्थिति में, जब आप कहते हैं कि मैं नहीं जानता, आप किसी के साथ लड़ने के योग्य नहीं रह जाते, आप विरोध के योग्य नहीं रह जाते। आप अत्यंत विनम्र और बेहद अच्छे इंसान हो जाते हैं। जब तक आप अपने अंदर शांति



लाने के योग्य नहीं हैं, आप भला विश्व में शांति स्थापित करने के योग्य कैसे हो सकते हैं? अगर इस छोटे से मन को आप शांत नहीं कर सकते, तो क्या आप विश्व में शांति पैदा कर सकते हैं? आप संसार में जो भी देख रहे हैं, वह आपके छोटे से मन की छवि है। क्या संसार में ऐसी कोई चीज हो रही है, जो आपके मन में नहीं हो रही? वही हो रही है। योग-विज्ञान अपने भीतर देखने का एक ढंग है। किसी खास दृष्टिकोण से नहीं देखना, सिर्फ भीतर देखना। यदि आप किसी चीज से अपनी पहचान बना लें, तो आप भीतर नहीं देख सकते। जैसे ही आप किसी चीज से अपनी पहचान बनाते हैं, आपके लिए सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं। गौर करें। आपका सोचना और महसूस करना इस पर निर्भर करता है कि इस वक्त आपने अपनी पहचान किससे बनाई है!... अपनी पहचान को मिटाने और सच्ची शांति का अनुभव करने में ध्यान आपकी मदद करता है।जब आप ध्यान करते हैं, तो कम से कम उस वक्त तो आपके लिए कुछ भी और मायने नहीं रखता। सिर्फ आपका वजूद बच जाता है, वहां और कुछ भी शेष नहीं रहता। शांति का मतलब है शून्यता या रिक्तता। शांति कोई ऐसी चीज नहीं, जिसे आप पैदा करते हैं। शांति ऐसी कोई चीज नहीं है, जो घटित होती है। शांति ऐसी चीज है, जो सदैव है। शांति ही अस्तित्व की बुनियाद है। सतह पर जो होता है, व्यवधान है, उपद्रव है। यह ठीक समुद्र जैसी है। समुद्र की सतह पर हलचल रहती है, पर नीचे गहराई में यह पूर्णतः शांत रहता है। जब आप उस गुण के साथ अच्छा तालमेल बिठा लेंगे, तभी वास्तविक शांति को जान पाएंगे।


## जीवन ऊर्जा

विलियम जेनिंग्स ब्रायन : जन्म 19 मार्च, 1860 | जन्म

## नियति संयोग की बात नहीं है, यह पसंद की बात है

विलियम जेनिंग्स ब्रायन, जिनका जन्म 19 मार्च, 1860 को हुआ था, एक प्रमुख अमेरिकी राजनीतिज्ञ और वक्ता थे। लोकलुभावनवाद और प्रगतिशील कारणों की वकालत करने वाले अपने जोशीले भाषणों के लिए जाने जाने वाले, वह तीन बार राष्ट्रपति पद के लिए दौड़े। उन्होंने राष्ट्रपति वुडरो विल्सन के अधीन राज्य सचिव के रूप में भी कार्य किया। 26 जुलाई, 1925 को ब्रायन का निधन हो गया।

नियति संयोग की बात नहीं है; यह पसंद की बात है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसके लिए इंतजार किया जाए; यह ऐसी चीज है जिसे हासिल किया जाना चाहिए। आत्मविश्वास विकसित करने का तरीका यह है कि जिस काम से आपको डर लगता है उसे करें और अपने पीछे सफल अनुभवों का रिकॉर्ड रखें। कोई भी ईमानदारी से दस लाख डॉलर नहीं कमा सकता। संपूर्ण भूमि का सबसे विनम्र नागरिक जब एक धर्मी कारण का कवच पहनता है तो वह त्रुटि की सभी सेनाओं से अधिक मजबूत होता है। शिक्षक उस मोमबत्ती की तरह है जो स्वयं जलकर दूसरों को रोशनी देती है। आत्मविश्वास विकसित करने का तरीका यह है कि जिस काम से आपको डर लगता है उसे करें और अपने पीछे सफल अनुभवों का रिकॉर्ड रखें। जिस व्यक्ति ने कभी भी खुद से बड़े किसी



उद्देश्य में खुद को नहीं खोया है, वह जीवन के सबसे ऊंचे अनुभवों में से एक से चूक गया है। केवल खुद को खोने में ही वह खुद को पाता है। जब अल्पसंख्यक सही हो तो अल्पसंख्यक के साथ खड़े होने से कभी न डरें, क्योंकि जो अल्पसंख्यक सही है वह एक दिन बहुमत बन जाएगा। हमारी अर्थव्यवस्था में किसान ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति है जो खुदरा में सब कुछ खरीदता है, थोक में सब कुछ बेचता है और दोनों तरफ माल ढुलाई का भुगतान करता है। अगर हमें धर्म या शिक्षा दोनों में से किसी एक को छोड़ना है, तो हमें शिक्षा छोड़ देनी चाहिए।

अगर हमें धर्म या शिक्षा दोनों में से किसी एक को छोड़ना है, तो हमें शिक्षा छोड़ देनी चाहिए। सरकारों का मुख्य कर्तव्य, जहां तक वे जबरदस्ती हैं, उन लोगों को रोकना है जो व्यक्ति के अपरिहार्य अधिकारों में हस्तक्षेप करेंगे, जिनमें जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, खुशी की खोज का अधिकार शामिल हैं और अंतरात्मा की आज्ञा के अनुसार भगवान की पूजा करने का अधिकार। दुनिया में सबसे बड़े अपराध नियम तोड़ने वाले लोगों द्वारा नहीं बल्कि नियमों का पालन करने वाले लोगों द्वारा किए जाते हैं। आदेशों का पालन करने वाले लोग ही बम गिराते हैं और गांवों में नरसंहार करते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




## समस्त व्याधियों का मूल मोह ही है

मोह का बंधन हमें आंतरिक रूप से कमजोर करता है मोह मेडूबा हुआ व्यक्ति अच्छे और बुरे के बीच का अंतर समझ नही पाता मोह और आसक्ति एक दूसरे के पूरक है



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

मोह ही आसक्ति का कारक हैकिसी व्यक्ति अथवा वस्तु से मोह हमे दुख देता है मोह के अधीन कोई व्यक्ति जाल में फंसी मछली के समान हो जाता है। मोह से जुडी इच्छा पूर्ति के अभाव मे वह केवल तड़पता रहता है स्मरण रहे कि सांसारिक वस्तुए और संबंध सब अस्थायी हैं उनका क्षरण निश्चित हैएक निश्चित कालखंड के पश्चात नष्ट हो जाना ही उनकी नियति है मोह के वशीभूत हुआ व्यक्ति संबंधों से भी न्याय नहीं कर पातामाया का मोह उसे सामाजिक नहीं होने देतावह बस माया से जुडे संसाधनों को एकत्र करने एवं उन्हें बढाने की युक्तियां खोजने में लगा रहता



है। ऐसे संसाधनों से मिलने वाले भौतिक सुख की कोई सीमा नहीमोह केवल भौतिक वस्तुओसे ही नहीअपितु मानवीय संबंधों मे भी होता है वहां भी यह अहित ही करता है इतिहास में पुत्र मोह एवं पारिवारिक मोह से विध्वंस के कई उदाहरण हैं महाभारत जैसा महायुद्ध भी पुत्र मोह के कारण ही हुआमोह में डूबे व्यक्ति को उसकी माया के अतिरिक्त संसा रिक्त लगता जबकि यह मिथ्या ही होता है मोह के बंधनों से मुक्ति केवल साधना से प्राप्त हो सकती है जब ईश्वरीय सत्ता से संबंध जुडजाता है तो मोह के सारे बंधन टूटने लगते हैमोह वास्तव में एक विषैले सर्प के समान है जिसे स्पर्श करने अथवा गले लगाने से गरल ही प्राप्त होता हैमोह में पडकर व्यक्ति अपराध तक कर डालता है कोई भी व्यक्ति अत्यधिक मोह में पडकर मोक्ष को प्राप्त नही कर सका है मोहएक प्रकार से मोक्ष प्राप्ति की गति को स्थिर कर देता हैहमे जीवन के उद्देश्यों को मोह की खाई में जाने से बचाना होगा मोह आत्मिक कल्याण को बल देता हैजबकि हमारा चिंतन सर्वकल्याण में निहित होना चाहिए।

## अपने विचार

गांधी नए साल के दौरान भी दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में थे और उन्होंने वहां करीब 22 दिन बिताए थे। वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में ज्यादा दिन नहीं बिताते। अचानक वियतनाम के प्रति उनके इतने प्रेम का क्या कारण है?



-रविशंकर प्रसाद पूर्व केंद्रीय मंत्री

जो प्रधानमंत्री ने बोला, मैं उसको सपोर्ट करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा, इतिहास और संस्कृति है। लेकिन हमारी एकमात्र शिकायत यह है कि पीएम ने कुंभ में अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी।



-राहुल गांधी, नेता, विपक्ष

हम स्कीम से खुद किसी को बाहर करने से पहले अपील करेंगे कि जो लोग भी आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वे इसका लाभ न लें। यह ऐसे ही होगा, जैसे पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से गैस सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी।



-अजित पवार, डिप्टी सीएम, महाराष्ट्र

नागपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। अफ़वाह फैलाई गई कि धार्मिक सामग्री वाली चीजें जला दी गईं.... यह एक सुनियोजित हमला लगता है। 'पुलिस पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, सख्त कार्रवाई की जाएगी।



-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# थर्मल पावर प्लांट से राख बिक्री में धोखाधड़ी का आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई





कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने भुसावल स्थित थर्मल पावर प्लांट से निकली राख की बिक्री में धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मंगलवार को विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विधानसभा में कहा कि उक्त थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली राख वास्तव में 600-660 रुपए टन के हिसाब से बिकती है, जबकि कागजों में एक टन राख मात्र 353 रुपए में बेची जा रही है। विजय वडेट्टीवार ने मांग की कि राख की बिक्री में हुए भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान वडेट्टीवार ने राख की बिक्री में घोटाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भुसावल में आधी राख बिक्री की टेंडर प्रक्रिया चलने के दौरान बिना माप के ही बेच दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसी ही वजहों से वाल्मीक कराड जैसे लोग पैदा होते हैं और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होती है। इसलिए इस मामले में संलिप्त अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वीकार किया कि राख की बिक्री में भ्रष्टाचार हुआ है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मामले की जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि राख बिक्री मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ताप विद्युत संयंत्रों से निकलने वाली राख के संबंध में 2016 में सरकार की नीति यह थी कि 20 प्रतिशत राख स्थानीय उद्योग के लिए होगी और 80 प्रतिशत की नीलामी की जाएगी। लेकिन केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार, 100 प्रतिशत नीलामी करनी होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सरकार उद्योग के विकास के लिए एक व्यापक नीति लाएगी, जिससे इस राख से स्थानीय उद्योगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राख आधारित उद्योगों के लिए एक नीति लाई जाएगी, जिसमें ऐसे उद्योगों को सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जहां कुछ उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। सीएम फडणवीस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नीति एक महीने के भीतर लागू कर दी जाएगी। इस नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीय उद्योगों के साथ अन्याय किए बिना इन उद्यमियों को इसका लाभ मिले।

# पांच सौ घरों में गैस आपूर्ति चार घंटे से बाधित

## खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन फटी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



घोड़बंदर इलाके में एक निजी कंपनी द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्य के दौरान गैस पाइपलाइन फट गई। इससे क्षेत्र के 550 से अधिक उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति बाधित हो गई है। महानगर गैस कंपनी ने बताया कि इस पाइपलाइन की मरम्मत का काम चल रहा है और रात 11 बजे तक गैस पाइपलाइन चालू हो जाएगी। हालांकि, गैस लाइन कट जाने के कारण गृहणियां इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि रात का खाना कैसे पकाएंगी। घोड़बंदर के साईनाथ नगर इलाके में एक निजी कंपनी ने खुदाई शुरू कर दी है। इस कार्य के दौरान शाम 4 बजे महानगर गैस कंपनी की गैस पाइपलाइन में करंट आ गया और पाइपलाइन फट गई। घटना की सूचना मिलने पर मेट्रोपोलिटन गैस कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। परिणामस्वरूप, घोड़बंदर क्षेत्र के कासरवडावली, साईनाथ नगर, आनंद नगर और अन्य इलाकों के 550 से अधिक ग्राहकों को गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है। शाम को गैस आपूर्ति बंद हो जाने के कारण गृहणियां इस चिंता में रहती हैं कि रात का खाना कैसे पकाएंगी। इस बीच, मेट्रोपोलिटन कंपनी ने कहा कि गैस पाइपलाइन की मरम्मत का काम चल रहा है और रात 11 बजे तक गैस आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी

# ग्रामीण स्थानीय निकायों को 620 करोड़ रुपये का अनुदान जारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के ग्रामीण स्थानीय निकायों (RLBs) के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत 15वें वित्त आयोग से 620 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान जारी किया। इसमें 611.69 करोड़ रुपये के अबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त और 8.42 करोड़ रुपये की पहली किस्त का शेष हिस्सा शामिल है। यह अनुदान राज्य की 4 जिला पंचायतों, 40 ब्लॉक पंचायतों और 21,551 ग्राम पंचायतों के लिए आवंटित किया गया है।

## अनुदान का उपयोग कहां होगा?

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के अंतर्गत स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) तथा ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) द्वारा अबद्ध अनुदानों का उपयोग किया जाएगा। बद्ध अनुदानों का उपयोग स्वच्छता और ओडीएफ स्थिति के रखरखाव की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है, और इसमें विशेष रूप से घरेलू अपशिष्ट का प्रबंधन और उपचार, और मानव मल और मल प्रबंधन और पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण शामिल होना चाहिए। केंद्र सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल और स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवां वित्त आयोग अनुदान जारी करने की सिफारिश करता है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। केंद्रीय वित्त आयोग (सीएफसी) अनुदान का हस्तांतरण पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाता है, जिससे वे अपनी स्थानीय विकास आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा कर पाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित पंचायत से विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप ये अनुदान जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं और ग्रामीण परिवर्तन को गति देते हैं।

# नवी मुंबई की स्वच्छता को लेकर नगर निगम का विशेष अभियान

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाए रखने में नागरिक भागीदारी और नगर निगम की अहम भूमिका है। इसी कड़ी में, नगर निगम सायन-पनवेल राजमार्ग, रेलवे स्टेशन और एमआईडीसी क्षेत्रों की सफाई को प्राथमिकता दे रहा है।

## सायन-पनवेल हाईवे की सफाई बनी चुनौती



सायन-पनवेल राजमार्ग महाराष्ट्र सरकार के लोक निर्माण विभाग (PWD) के अधीन है और इस पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। जेएनपीटी जाने वाले ट्रक, निर्माण सामग्री से लदे वाहन इस सड़क पर चलते हैं, जिससे सफाई एक चुनौती बन गई है। नगर निगम आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने इस राजमार्ग की सफाई के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह टीम PWD अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर हाईवे पर नियमित सफाई अभियान चलाएगी।

## रेलवे स्टेशनों की सफाई पर विशेष ध्यान

नवी मुंबई में सिडको (CIDCO) द्वारा 12 रेलवे स्टेशनों और उनके आसपास की सफाई की जाती है। सभी रेलवे स्टेशन व्यस्त क्षेत्र हैं, जहां यात्री ट्रैफिक अधिक होता है। आयुक्त ने निर्देश दिया कि हाईवे की सफाई करने वाली टीम सिडको के अधिकारियों से तालमेल बैठाकर रेलवे स्टेशनों की सफाई पर भी ध्यान दे। नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र के पूर्वी हिस्से में एमआईडीसी का बड़ा क्षेत्र आता है, जहां कई उपेक्षित स्थानों पर मलबा फेंकने की घटनाएं सामने आती हैं। आयुक्त डॉ. शिंदे ने कहा कि मलबा विरोधी दलों को और सक्रिय किया जाए और एमआईडीसी अधिकारियों के सहयोग से इस क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखा जाए।

# परेल रेलवे स्टशेन का हुआ कायाकल्प

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कई स्टेशनों का रूप बदला जा रहा है, उसी के तहत मुंबई स्थित मध्य रेलवे के परेल स्टेशन की भी कायापलट की गई है। कुछ दिनों पहले ही इसका काम पूरा कर लिया गया है। नई बिल्डिंग में एलिवेटेड पार्किंग, विशाल बुकिंग ऑफिस समेत कई अन्य सुविधाएं बनाई गई है। इस अपग्रेडेशन की लागत 19.41 करोड़ रुपये है, जिससे 37,000 से अधिक यात्रियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस काम को 2023 में लॉन्च किया गया था। स्टेशन की इमारत में ही शामिल पार्किंग स्थल, जल्द ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में परेल स्टेशन पर स्वच्छ भारत से प्रेरित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, स्वच्छ वातावरण के लिए आकर्षक लैंडस्केपिंग से सुसज्जित प्लेटफॉर्म और उन्नत यात्री सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा अतिरिक्त लिफ्ट, एस्केलेटर, साइन बोर्ड, ऑफिस, और विकलांगों के अनुकूल सुविधाओं सहित सभी यात्रियों के लिए समावेशिता के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के साथ बेहतर कनेक्टिविटी दी गई है।



### विक्रोली और कांजुरमार्ग स्टेशन का भी बदला जा रहा है रूप

मिली जानकारी के अनुसार, योजना के लिए चुने गए 1309 स्टेशनों में से पश्चिम रेलवे के 76 और मध्य रेलवे के 38 स्टेशन शामिल है। परेल के अलावा, दो अन्य महत्वपूर्ण उपनगरीय स्टेशनों, विक्रोली को 19 .16 करोड़ और कांजुरमार्ग को 27 .01 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है।

### इन चीज़ों का बदला गया रूप

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत परेल स्टेशन समेत कई स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छ शौचालय, हर प्लेटफॉर्म पर पानी की व्यवस्था, बेहतर लाइटिंग, इंडिकेटर्स, दिव्यांगों के अनुकूल फ्लोरिंग, साइन बोर्ड, नई लिफ्ट और एस्केलेटर, तथा नया बुकिंग ऑफिस शामिल हैं। प्रतिदिन करीब 46,000 यात्रियों की आवाजाही वाले परेल स्टेशन पर यह बदलाव यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए किए जा रहे हैं।

### क्या है अमृत भारत स्टेशन योजना?

गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को बेहतर यात्री सुविधाओं, बेहतर यातायात परिसंचरण, उन्नत साइन बोर्ड के साथ आधुनिक केंद्रों में बदलना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे स्टेशनों के विकास और पुनर्विकास के लिए 6 अगस्त 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ किया था।

# उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में ब्लॉक

## पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक और कानपुर सेंट्रल के बीच ब्रिज संख्या 110 अप लाइन पर चल रहे कार्य के कारण 20 मार्च से 30 अप्रैल, 2025 तक 42 दिनों का ब्लॉक लिया जाएगा। इससे पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें निरस्त, डायवर्ट और रेगुलेट की जाएंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली और रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:



पश्चिम रेलवे ने ऑपरेशनल कारणों से कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए हैं, जिनमें बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर (22921/22922), गोरखपुर-साबरमती (19410), बांद्रा टर्मिनस-लखनऊ (20921/20922), गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस (15067), मुजफ्फरपुर-साबरमती (15269), कामाख्या-डॉ.अंबेडकर नगर (19306), मुजफ्फरपुर-सूरत (19054) और गोरखपुर-ओखा (15045) शामिल हैं, जबकि गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल (05053) 21 मार्च से 25 अप्रैल, 2025 तक दो घंटे रेगुलेट होगी।

### निरस्त होने वाली ट्रेनें:

पश्चिम रेलवे ने गांधीधाम-भागलपुर (09451/09452) और अहमदाबाद-दरभंगा (09465/09466) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों को 21 मार्च से 28 अप्रैल, 2025 तक रद्द करने की घोषणा की है।

# बच्चों के पोषण के लिए बाल विकास केंद्र योजना का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई। शहरी क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए 'सुपोषित मुंबई अभियान' और 'नागरी बाल विकास केंद्र योजना' शुरू की गई है। यह पहल गर्भावस्था से लेकर बच्चे के पहले 1,000 दिनों तक उचित पोषण सुनिश्चित करने में सहायक होगी, ऐसा महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा। मंत्री तटकरे ने कोलाबा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र 51 में इस योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने माता और शिशु के पोषण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। इस अवसर पर ICDS आयुक्त कैलास पगारे, बाल विकास परियोजना अधिकारी नितिन मस्के, आंगनवाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं, माताएं और बच्चे उपस्थित थे।



### ग्राम योजना से लेकर शहरी पहल तक

मंत्री तटकरे ने बताया कि 2018 से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में 'ग्राम बाल विकास केंद्र योजना' लागू है, जिसने कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने में मदद की। अब इसी मॉडल को मुंबई और उपनगरों में लागू किया जा रहा है ताकि शहरी क्षेत्रों में भी कुपोषण कम किया जा सके। मंत्री ने कहा कि गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद के पहले 1,000 दिन बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में उचित पोषण से कुपोषण और मोटापे की समस्या को दूर करने में सहायता मिलेगी।

### शहरी आंगनवाड़ियों की संख्या बढ़ाने पर जोर

मंत्री तटकरे ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी आबादी के अनुपात में आंगनवाड़ियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएं ताकि कोई भी बच्चा पोषण सेवाओं से वंचित न रहे। इस दौरान ICDS आयुक्त कैलास पगारे ने योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए आहार देखभाल और कुपोषण निवारण की जानकारी दी।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**वृष** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं।

**मिथुन** — दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** — भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे।

**सिंह** — घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कन्या** — यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक** — बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है।


**धनु** — नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मकर** — किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें।

**कुंभ** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे।

**मीन** — प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे।

# शादी में रुकावट दूर करने के कुछ चमत्कारिक उपाय -



जयपुर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं.भरतलाल शास्त्री जी के द्वारा आपको यहाँ कुछ ऐसे उपाय बताये जा रहे हैं जिनके करने से विवाह में आने वाली रुकावटें दूर होती हैं। यदि किसी अन्य कारण से विवाह नही हो पा रहा है तो आप इन उपायों के माध्यम से लाभ उठा सकते हैं।

इससे सबसे पहली बात यह है की आपकी पत्रिका में विवाह योग होना आवश्यक है। आप सर्वप्रथम किसी ज्ञानी से बारीकी से अपनी पत्रिका का अध्यन करवा लें।

उनसे यह पता करें आपकी पत्रिका में विवाह योग हैं भी या नहीं यदि है तो विवाह क्यूँ नही हो पा रहा है । अगर कोई गृह रूकावट डाल रहा है तो सर्वप्रथम उस गृह की शान्ति आवश्यक है।

यदि आपकी पत्रिका के अनुसार कोई गृह ही समस्या दे रहा है,विवाह योग भी है और विवाह नहीं हो पा रहा है तो आप आगे दिए जा रहे उपाय कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



प्रियंका जैन
9769994439

अगर आपकी बेटी की शादी न हो रही हो, दिनो दिन विलंब हो रहा हो तो देख लें कहीं लड़की मांगलिक तो नही? अगर किसी लड़की की कुंडली में मंगल पहले, चौथे, सातवें, आठवें और बारहवें भाव में होता है तो वह लड़की मांगलिक कहलाती है।

ऐसी लड़कियों पर मंगल का दोष और अशुभ प्रभाव बने रहते हैं। जिसके कारण की शादी में दिनो दिन विलंब होता रहता है और उनका वैवाहिक जीवन भी परेशानियों से भरा जाता है।

जिस जातक को किसी भी कारणवश विवाह में विलम्ब हो रहा हो, तो नवरात्री में प्रतिपदा से लेकर नवमी तक ४४००० जप निम्न मन्त्र का दुर्गा जी की मूर्ति या चित्र के सम्मुख करें।

"ॐ पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्।
तारिणीं दुर्ग संसार सागरस्य कुलोद्भवाम्।।

किसी स्त्री जातिका को अगर किसी कारणवश विवाह में विलम्ब हो रहा हो, तो श्रावण कृष्ण सोमवार से या नवरात्री में गौरी-पूजन करके निम्न मन्त्र का २१००० जप करना चाहिए-

"हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरु कल्याणी कान्त कान्तां सुदुर्लभाम।।

किसी लड़की के विवाह मे विलम्ब होता है तो नवरात्री के प्रथम दिन शुद्ध प्रतिष्ठित कात्यायनि यन्त्र एक चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर स्थापित करें

एवं यन्त्र का पंचोपचार से पूजन करके निम्न मन्त्र का २१००० जइ लड़की स्वयं या किसी सुयोग्य पंडित से करवा सकते हैं।

## सीएम नीतीश कुमार ने बिहार को दिया 7166 करोड़ का सौगात



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार को 7166 करोड़ का सौगात दिया। उन्होंने राजधानी पटना में मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक कार्यक्रम में में 'हर घर नल का जल' योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं का आज शिलान्यास हुआ है, उन्हें समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से 'हर घर नल का जल' योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह जरूरी है कि सभी चीजों का मेंटेनेंस हो। लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसमें किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि राज्य के लोगों को नियमित और निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। पेयजल गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप राज्य सरकार सभी ग्रामीण परिवारों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से जलापूर्ति कर रही है, जो राष्ट्रीय औसत से 16 लीटर अधिक है। 'हर घर नल का जल' निश्चय के तहत निर्मित सभी जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

## वनग्राम राधा पोड़ा में सुरक्षा बलों और भाकपा माओवादी में मुठभेड़



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के वनग्राम राधा पोड़ा के आसपास पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन (भाकपा माओवादी) एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल एवं पहाड़ का फायदा उठाते हुए भाग खड़े हुए। इस दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ-134 बटालियन के एसआई सुबोध कुमार घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान कई सामान बरामद किए गए।

## बीएसओ 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



रांची। रांची जिले के तमाड़ प्रखंड में एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। बीएसओ (प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी) अभिजीत चेल को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम बीएसओ से पूछताछ कर रही है। तमाड़ प्रखंड में एसीबी की ये पहली कार्रवाई है।

दिहुली हत्याकांड

# 24 दलितों के हत्यारों को फांसी की सजा

- **44 साल बाद कोर्ट का आया फैसला**
- **मुखबिरी के शक में किया गया था नरसंहार**

**एजेंसी । फिरोजाबाद**

फिरोजाबाद के दिहुली हत्याकांड के 44 साल बाद मंगलवार को फैसला आया। साल 1982 में डकैतों के गिरोह ने दलितों के गांव पर हमला बोल दिया था और अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 24 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। दलित हत्याकांड मामले में अब कोर्ट ने 3 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले 11 मार्च को मैनपुरी कोर्ट में स्पेशल जज ने तीनों हत्यारोपियों को दोषी ठहराया था। अपर सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे फांसी की सजा सुनाई। तीनों ही आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस हत्याकांड में 18 नवंबर 1981 को जसराना के ग्राम दिहुली में 24 लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। फैसला आने के बाद तीनों ही आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### कोर्ट ने नरसंहार को बेहद जघन्य माना



न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि हत्यारों को गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जब तक कि इनकी मृत्यु न हो जाए। तीनों दोषियों की उम्र 75 से 80 साल है। इस हत्याकांड में कुल 20 हत्यारोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। जिसमें से 13 आरोपियों की मौत हो चुकी है और फरार चल रहे चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट ने स्थाई वारंट जारी कर रखे हैं। मामले की पैरवी एडीजीसी रोहित शुक्ला द्वारा की गई।

### चश्मदीदों ने बताया हत्याकांड

मामले में मुख्य चश्मदीद गवाह बनवारी लाल ने बताया किउनके पिता ज्वाला प्रसाद की सबसे पहले खेत मे आलू की खुदाई करते समय गोलियों से भून कर हत्या की गई थी। उसके साथ उनके बड़े भाई मनीष कुमार और भूरे सिंह और चचेरे भाई मुकेश की हत्या हुई थी। वह काफी दबाव के बाद भी अंतिम समय तक अपनी गवाही पर कायम रहे। उन्हें इस बात का संतोष है कि देर से सही लेकिन उन्हें इंसाफ मिला है। आरोपियों को फांसी मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिकांश पीड़ित परिवार गांव से पलायन कर गए हैं केवल तीन परिवार ही गांव में रह रहे हैं। 90 वर्ष की जय देवी का कहना है कि अपने परिवार के लोगों के खोने का दर्द अभी भी नहीं भूल पाए हैं, न्याय मिलने में बहुत देरी हुई है। उन्होंने हमलावरो से छिपकर अपनी जान बचाई थी। दिहुली निवासी लायक सिंह ने सामूहिक नरसंहार की रिपोर्ट राधेश्याम उर्फ राधे संतोष सिंह उर्फ संतोषा समेत 17 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। दलित समाज के महिला पुरुष तथा बच्चो का शाम के समय पुलिस की वर्दी में पहुंचे डकैत के गिरोह के लोग जो हथियारों से लैस थे उनके द्वारा सामूहिक सत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

### तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आना पड़ा था दिहुली

दिहुली में जब 44 साल पहले नरसंहार हुआ तब प्रदेश की सरकार हिल गई थी उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, गृहमंत्री बीपी सिंह, मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी और विपक्षी नेता अटल बिहारी वाजपेई भी पीडितों का दर्द बांटने देहुली पहुंचे थे। फिरोजाबाद जनपद क्षेत्र के थाना जसराना क्षेत्र का गांव दिहुली मे जव 18 नवंबर 1981 को संतोष सिंह उर्फ संतोषा और राधेश्याम उर्फ राधे के गिरोह के द्वारा दलित समाज के लोगों के ऊपर हमला कर सामूहिक नरसंहार के जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। उसे समय वह क्षेत्र मैनपुरी का हिस्सा हुआ करता था।

# यूपी पुलिस महकमे में उठापटक, 12 IPS अफसरों के तबादले

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार में योगी सरकार की तबादला एक्सप्रेस एक बार फिर दौड़ी है। इस बार इसकी जद में आए 12 सीनियर आईपीएस अफसर आए हैं। इनका तबादला सोमवार देर रात कर दिया गया। इनमें सभी 2011 बैच के अधिकारी हैं जिन्हें इसी साल एसएसपी से डीआईजी के पद पर पदोन्नति मिली थी। लखनऊ में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात तेज स्वरूप सिंह को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी कार्मिक की जिम्मेदारी मिली है।

### इन अफसरों को मिला ये जिम्मा



लखनऊ के पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय, लखनऊ कमला प्रसाद यादव को डीआईजी, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, लखनऊ नियुक्त किया गया है। वाराणसी के पुलिस उपायुक्त हृदेश कुमार को डीआईजी ईओडब्ल्यू, लखनऊ बनाया गया है। कानपुर पीएसी की सेनानायक सुनीता सिंह को पीएसी मुख्यालय, लखनऊ में डीआईजी की कमान सौंपी गई है। रायबरेली पीएसी के सेनानायक राजेश सक्सेना को PTC सुल्तानपुर का डीआईजी, विकास कुमार वैद्य को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी स्थापना, और सूर्यकांत त्रिपाठी को डीआईजी फायर सर्विसेज बनाया गया है। डी। प्रदीप कुमार को पुलिस भर्ती बोर्ड का DIG, जबकि अरुण कुमार श्रीवास्तव को डीआईजी पीएसी सेक्टर, अयोध्या की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद की सेनानायक शालिनी को डीआईजी पीएसी सेक्टर मुरादाबाद भेजा गया है। हेमंत कुटियाल को सेनानायक स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स, लखनऊ से DIG स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सोमवार को 11 पीपीएस अफसरों के हुए थे तबादले

बता दें कि सोमवार को ही योगी सरकार ने 11 पीपीएस (DSP) अफसरों के तबादले किए थे। वहीं, 6 ट्रेनी पीपीएस अफसरों को नई तैनाती दी गई थी। साथ ही सीएम योगी की सुरक्षा में तैनात 2 अफसरों को भी तैनाती दी गई थी। सीएम की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक नितेश प्रताप सिंह को बिजनौर और राजीव प्रताप सिंह को हमीरपुर ट्रांसफर किया गया था।

राजन हत्याकांड

## पिता-पुत्र समेत 6 आरोपी गिरफ्तार



**लक्सर:** हरिद्वार की पथरी थाना पुलिस ने ग्राम बहादरपुर जट में हुए हत्याकांड मामले में घटना के मुख्य आरोपी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। हत्या के मुख्य आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में पहले से अलग-अलग मामलों में 11 मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही पुलिस ने विधायक उमेश कुमार के कार्यालय पर फायरिंग करने वाले बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## पहली बार नशा तस्कर का एनकाउंटर

**चंपावत:** उत्तराखंड को अवैध नशा और ड्रग मुक्त प्रदेश बनाने के लिए पुलिस जोर-शोर से अभियान चला रही है। अभी तक राज्य के मैदानी जिलों हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में नशा तस्करों के एनकाउंटर हो रहे थे। अब पहली बार पहाड़ी जिले चंपावत में नशा तस्करों का एनकाउंटर हुआ है। ताजा मामले में चंपावत जिले के बनबसा थाना क्षेत्र में एसओजी और बनबसा थाना पुलिस के साथ नशा तस्कर की मुठभेड़ हुई है। पुलिस के अनुसार बीती देर रात हुई इस मुठभेड़ में तस्कर द्वारा भागने के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। इसके जवाब में एसओजी और पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में नानकमत्ता निवासी नशा तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। एसओजी द्वारा नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 190 ग्राम स्मैक और तमंचा भी बरामद हुआ है।

# जमीन दलालों का कारनामा

- **एक जमीन का कई बार सौदा**

**दुर्ग :** भिलाई के कोहका में शासकीय जमीनों की अवैध खरीद बिक्री का बड़ा मामला सामने आया है।जिसमें सुनियोजित तौर पर गिरोह बनाकर लोगों के साथ ठगी की गई है। पुलिस के मुताबिक जमीन के इस काले कारोबार में ठगों के साथ सरकारी महकमें के भी लोगों के शामिल होने की संभावना है।क्योंकि बिना किसी मदद के इतनी बड़ी संख्या में आसानी से फर्जी दस्तावेजों के बूते जमीनों के खरीद बिक्री और रजिस्ट्री नहीं हो सकती।

### फर्जी कागज बनाकर जमीन की बिक्री




कोहका क्षेत्र में कई प्राइवेट और सरकारी जमीनों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कई मामलों में जमीन मालिक की सहमति के बिना ही जमीन बेची गई है। फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। इस गोरखधंधे में कई स्थानीय प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कोहका क्षेत्र का हिस्सा दो थानों में लगता है।जिसमें आधा हिस्सा स्मृति नगर और आधा हिस्सा वैशाली नगर थाने में आता है। इन क्षेत्रों में कई जमीन दलालों ने बाहर से लोगों को बुलाकर फर्जी कागजात तैयार किए। इन कागजातों के आधार पर दूसरे की जमीन को खुद की बताकर सौदा करवाया गया।

# मक्का अनुसंधान केंद्र को कर्नाटक शिफ्ट करने पर बिहार में बवाल

**बेगूसराय।** केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को एक बड़ा झटका दिया है। मोदी सरकार ने ने बेगूसराय स्थित भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (IIMR) के मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्र को कर्नाटक में शिफ्ट करने का फैसला किया है। यह प्लांट अब कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में जाएगा। केंद्र सरकार के इस फैसले पर अब बिहार में बवाल मच गया है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर कड़ा प्रतिक्रिया दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछा है कि आखिर प्रधानमंत्री को बिहार और बिहार के किसानों से क्या दिक्कत है? वहीं राजद नेताओं ने केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह पर भी निशाना साधा है। इस पर अब सिंह ने पलटवार किया है।

### मेरे रहते कहीं नहीं जायेगा मक्का अनुसंधान केंद्र : गिरिराज सिंह



मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्र को कर्नाटक में शिफ्ट करने पर अब मोदी सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह का बयान सामने आया है। मंगलवार को उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया और लिखा, 'ये जो आज बेगूसराय मक्का अनुसंधान केंद्र पर अफ़वाह फैला रहे है, उसपे हमने 17 जनवरी को ही पहल कर दिया था। मेरे सांसद रहते ये भरोसा रखे के ये कहीं नहीं जायेगा।' उनके इस पोस्ट के बाद से ही माना जा रहा है कि पीएम मोदी को उन्हीं के सांसद और मंत्री ने चुनौती दे दी है।

### तेजस्वी ने केंद्र सरकार को घेरा

मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्र को कर्नाटक में शिफ्ट करने पर तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा, 'आखिर बिहार और बिहार के किसानों से क्या दिक्कत है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, NDA और भाजपा को? भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) के बेगूसराय स्थित क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्र को नरेंद्र मोदी सरकार ने कर्नाटक के शिवमोग्गा में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है।




# तूफानी तेजी के साथ सेंसेक्स 75,000 अंक के पार

- **सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में लगाई 1,215 अंकों की छलांग**

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच मंगलवार को तगड़ी लिवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में जबर्दस्त उछाल देखा गया। सेंसेक्स ने 1,131 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर 75,000 अंक का स्तर हासिल कर लिया, जबकि निफ्टी 22,800 अंक के ऊपर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,131.31 अंक उछलकर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,215.81 अंक बढ़कर 75,385.76 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 325.55 अंक बढ़कर 22,834.30 पर पहुंच गया। यह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा।



### जोमैटो ने सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल रहा था।

### बाजार में उछाल की पांच प्रमुख वजहें

1. हालिया गिरावट के बाद शेयरों का मूल्यांकन घटा
2. अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक संकेत दिख रहे
3. ट्रंप के शुल्कों के प्रभाव को हल्का आंकने लगा बाजार
4. रुपए में तेजी, डॉलर इंडेक्स में गिरावट
5. आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें

### मानक सूचकांकों में तेजी

बाजार के जानकारों ने कहा, अनुकूल वैश्विक रुझानों और घरेलू अनुकूल परिस्थितियों के कारण मानक सूचकांकों में खासी तेजी देखी गई। अमेरिका और चीन से आए खुदरा बिक्री के बेहतर आंकड़ों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजों में प्रत्याशित उछाल के साथ डॉलर सूचकांक में आई सुस्ती और कच्चे तेल की कम कीमतों से इस तेजी को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

# 2027 के मध्य तक पूरा होगा एयर इंडिया के विमानों का नवीनीकरण: सीईओ

**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया को उम्मीद है कि 2027 के मध्य तक सभी पुराने चौड़े आकार (वाइड-बॉडी) के विमानों की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में बताया कि विमानों का उन्नयन और नवीनीकरण एयरलाइन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) के केबिन शुरू करने की भी योजना है।

### विस्तारा के विमानों का नवीनीकरण 1.5 साल में होगा पूरा




विल्सन ने कहा कि विस्तारा एयरलाइन, जिसका विलय एयर इंडिया में हो चुका है, उसके विमानों की रंगाई-पुताई और नवीनीकरण का काम अगले डेढ़ साल में पूरा कर लिया जाएगा। सीईओ ने बताया कि विमानों की आपूर्ति में कमी के कारण बोइंग और एयरबस का उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे एयरलाइन के विस्तार में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि अगले 4-5 वर्षों तक यह चुनौती बनी रह सकती है। गौरतलब है कि टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया का अधिग्रहण किए दो साल हो चुके हैं और कंपनी एक महत्वाकांक्षी बदलाव रणनीति के तहत काम कर रही है। हालांकि, नए विमानों की डिलीवरी में देरी के कारण पुराने विमानों का अधिक समय तक संचालन करना पड़ रहा है, जिससे रखरखाव लागत बढ़ गई है और आधुनिकीकरण में देरी हो रही है। एयर इंडिया के इस नवीनीकरण अभियान से यात्रियों को बेहतर सुविधा और आधुनिक विमानन अनुभव मिलने की उम्मीद है।

## रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। इसके अलावा एशियाई मुद्राओं की मजबूती ने भी रुपये को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.32 पर रहा।

# एलआईसी की जल्द हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में होगी एंट्री

## 31 मार्च तक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान करेगी

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) जल्द ही एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी खरीद सकती है। मंगलवार को LIC के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि इंश्योरेंस कंपनी चालू वित्त वर्ष 25 के आखिरी तक यानी 31 मार्च तक एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा कर सकती है। हालांकि, सिद्धार्थ मोहंती ने उस कंपनी का नाम नहीं बताया है, जिसमें LIC महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। मोहंती ने मुंबई में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ एक्चुअरीज के मौके पर कहा, 'हमारे पास योजनाएं हैं और कंपनी के साथ चर्चाएं फाइनल स्टेज में हैं। LIC के लिए हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश करना एक नेचुरल चॉइस है। रेगुलेटरी अप्रूवल्स में समय लगता है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष के भीतर 31 मार्च से पहले फैसला लिया जाएगा।'

### LIC बहुमत हिस्सेदारी हासिल नहीं करेगी




मोहंती ने यह भी स्पष्ट किया कि LIC हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी हासिल नहीं करेगी। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में LIC ने कहा था कि वह हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में प्रवेश करने के लिए वित्त वर्ष 2025 में एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। अभी मार्केट में सात स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां हैं, जिसमें स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, नारायण हेल्थ इंश्योरेंस और गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस के नाम शामिल हैं।

## सीबीडीटी ने आयकर नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए जनता से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने नए आयकर विधेयक 2025 के प्रावधानों पर आयकर नियमों और संबंधित प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। ये सुझाव प्रस्तावित नए आयकर विधयेक को संसद में पेश किए जाने के बाद आमंत्रित किए गए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के मुताबिक हितधारक नए आयकर विधेयक, 2025 से संबंधित आयकर नियमों और संबंधित प्रपत्रों का मसौदा तैयार करने के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। सीबीडीटी ने इस पहल के अनुरूप ई-फाइलिंग पोर्टल पर शुरुआत की है, जिससे हितधारक अपने सुझाव दे सकते हैं। ओटीपी आधारित सत्यापन प्रक्रिया 8 मार्च से लाइव है।

## स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन के लिए किया समझौता

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक ऑफ मॉरीशस ने सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और मॉरीशस रुपये के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा और बीओएम गवर्नर राम कृष्ण सिथानन ने हस्ताक्षर किए। बयान में कहा गया, एमओयू दस्तावेजों का आदान-प्रदान 12 मार्च, 2025 को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति में मॉरीशस के पोर्ट लुइस में किया गया। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्राओं में चालान बनाने और भुगतान करने में सक्षम बनाएगी। स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय, दोनों की बचत होगी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, बुधवार, 19 मार्च 2025



# मुझे अपनी ताकत पता थी : श्रेयस अय्यर

एजेंसी | नई दिल्ली

तकनीकी कमियों को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना, ठप्पा लगने का दबाव और केंद्रीय अनुबंध गंवाने जैसी चुनौतियों के बावजूद श्रेयस अय्यर डटे रहे। उन्होंने अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखा और आखिरकार चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में जगह बना ली। श्रेयस ने कहा कि शायद लोगों ने मेरी शॉर्ट गेंद के खिलाफ कमजोरी को लेकर धारणा बना ली थी, लेकिन मुझे हमेशा अपनी ताकत का पता था और मैंने खुद पर भरोसा रखा। खेल लगातार बदलता रहता है, लिहाजा खिलाड़ी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होता है। पिछले आठ वनडे मुकाबलों में उन्होंने 53 की औसत से रन बनाए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें 'मौन नायक' करार दिया।



## चोट और वापसी का सफर

पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान श्रेयस की कमर में चोट लगी, जिससे उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा। रणजी ट्रॉफी खेलने के बजाय वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ अभ्यास कर रहे थे, जिस पर सवाल उठे। हालांकि, केकेआर की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को आईपीएल खिताब दिलाया और इसके बाद वनडे टीम में दमदार वापसी की। इस आईपीएल सत्र में वह पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे हैं। श्रेयस ने कहा कि मैंने अपनी प्रक्रिया सरल रखी, ज्यादा नहीं सोचा और ईमानदारी से मेहनत करता रहा। मुझे भरोसा था कि मेरा प्रदर्शन मुझे दोबारा मौका दिलाएगा। इस दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और मैंने अपने कौशल को और बेहतर किया। कोच प्रवीण आम्रे और ट्रेनर सागर के योगदान को भी उन्होंने सराहा और कहा कि उनकी मदद से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में मजबूती लाई। श्रेयस ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा 243 रन बनाए और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर कहा कि मैं इस पोजिशन पर सहज महसूस करता हूं।

## न्यूज ब्रीफ



### शेफाली की हैट्रिक से क्वार्टर फाइनल में हरियाणा

एजेंसी | गुवाहाटी

भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा की हैट्रिक से हरियाणा ने महिलाओं की अंडर-23 वनडे ट्रॉफी में कर्नाटक को छह विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी (30) और सौम्या वर्मा (0) को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया। फिर 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा (1) का विकेट लिया। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे हरियाणा ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में मिताली विनोद की 90 रन की पारी के बावजूद कर्नाटक को 49.3 ओवर में 217 पर पर आउट कर दिया। जवाब में हरियाणा ने लक्ष्य 42 ओवर में चार विकेट पर 219 रन बनाकर हासिल कर लिया। तनीषा ने नाबाद 77, सोनिया ने 66, त्रिवेणी ने नाबाद 25 और शेफाली ने 18 रन बनाए।


### राजस्थान के अभ्यास सत्र से जुड़े सैमसन



एजेंसी | जयपुर

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन उंगली की चोट से उबरने के बाद अब आईपीएल टीम के साथ जुड़ गए हैं। सैमसन ने बेंगलुरु में सेंटर आफ एक्सीलेंस में उपचार पूरा किया। वह सोमवार को रॉयल्स के पहले सत्र में मौजूद थे। सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के दौरान जोफ्रा आर्चर का बाउंसर लगा था। चोट के बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। राजस्थान ने एक्स पर लिखा, हवाई अड्डे से सीधे पहले अभ्यास सत्र की ओर ताकि हमेशा की तरह सभी के चेहरे पर मुस्कान ला सके। सैमसन ने बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात की। देखना यह है कि पूरी तरह फिट होने के बावजूद क्या वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं। अगर नहीं तो ध्रुव जुरेल को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हरफनमौला रियान पराग भी कंधे की चोट से उबर चुके हैं।

### चोटिल मेसी विश्व कप क्वालीफायर से बाहर




एजेंसी | ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों से बाहर हो गए हैं। क्वालीफायर के लिए घोषित 25 सदस्यीय टीम में मेसी को शामिल नहीं किया गया है। 37 वर्षीय मेसी अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी द्वारा जीते गए मुकाबले में रविवार को चोटिल हो गए थे। इंटर मियामी क्लब ने कहा है कि मैच के बाद मेसी की एमआरआई जांच में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी है। पिछले हफ्ते जमैका की टीम कैवेलियर के खिलाफ कॉनकाकफ चैंपियंस कप की जीत में बेंच से उतरने और स्कोर करने से पहले मेसी को मियामी के तीन मैचों के लिए आराम दिया गया था।

# भारतीय धाविका अर्चना जाधव पर चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। बार-बार याद दिलाने पर भी उन्होंने डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती हैं, इसलिए उन पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है। यह प्रतिबंध 7 जनवरी से लागू हुआ है। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थीं। 15 दिसंबर, 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे। उन्हें इस अवधि के सभी पुरस्कार, पदक, अंक और उपस्थिति राशि वापस करनी होगी।



## गत अक्तूबर में आखिरी मैराथन में दौड़ीं


उन्होंने आखिरी बार अक्तूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे वह चौथे स्थान पर रहीं थी। जाधव का 10,000 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28.82 है।

## आरोप का दिया जवाब

उन्होंने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकारने के लिए 3 मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। फिर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें याद दिलाई। हालांकि जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# खुशदिल पर न्यूजीलैंड के खिलाड़ी को कंधा मारने पर जुर्माना

एजेंसी | वेलिंगटन



पाकिस्तान के हरफनमौला खुशदिल शाह को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 के दौरान आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना भरना पड़ा। उन पर तीन डिमेरिट अंक भी लगाए गए हैं। खुशदिल रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक रन लेते समय गेंदबाज जाक फोकेस से भिड़ गए थे। उस समय गेंदबाज की पीठ उनकी तरफ थी और उन्होंने बायां कंधा टकरा दिया। खुशदिल ने सजा स्वीकार कर ली जिसके बाद मामले की सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। पिछले दो साल में यह उनका पहला अपराध है।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को फिर किया पस्त



टी-20 सीरीज

एजेंसी | डुनेडिन

टिम सीफर्ट (22 गेंद, 45 रन) और फिन एलेन (16 गेंद, 38 रन) की धमाकेदार पारियों से न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। यह मेजबान टीम की लगातार दूसरी जीत है। उसने पहला मैच नौ विकेट से जीता था। इस तरह उसने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली।

मंगलवार को आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को 15 ओवर का कर दिया गया। पाकिस्तान ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 135 रन बनाए। उसकी तरफ से कप्तान सलमान अली आगा ने सर्वाधिक 46 रन (28 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) बनाए। उनके अलावा शादाब खान ने 26 और शाहीन शाह अफरीदी ने नाबाद 22 रन का योगदान दिया। कीवी टीम की ओर से ईश सोढी, जैकब डफी, बेन सीअर्स और जेम्स नीशाम ने दो-दो विकेट बांटे।इसके जवाब में सीफर्ट और एलेन की न्यूजीलैंड की सलामी जोड़ी पारी के पहले ओवर में अफरीदी की कसी गेंदबाजी के सामने कोई रन नहीं बना सकी।

## दो ओवर में सात छक्के

लेकिन उसके बाद दोनों ने आक्रामक रवैया अपनाया और अगली 12 गेंदों में से सात पर छक्के लगाए। इससे न्यूजीलैंड ने 11 गेंद से रहते ही पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। सीफर्ट और एलन ने पांच-पांच छक्के लगाए। डेरिल मिचेल ने 14 और मिचेल हे ने नाबाद 21 रन बनाए जबकि कप्तान माइकल ब्रेसवेल (05) ने जहानदाद खान की गेंद पर विजयी चौका लगाकर न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 137 रन तक पहुंचाया। पाक की ओर से हारिस रऊफ ने तीन ओवर में 20 रन पर दो विकेट लिए। सीरीज का तीसरा मुकाबला ऑकलैंड में शुक्रवार को खेला जाएगा।

## कबड्डी विश्व कप

# चैंपियन भारत ने इटली को हराया



एजेंसी | बर्मिंघम

गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने कबड्डी विश्व कप 2025 में इटली को हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। वॉल्वरहैम्प्टन में सोमवार को एकतरफा मुकाबले में भारत ने ग्रुप बी के मैच में इटली को 64-22 से करारी मात दी। इस जीत से भारत दो अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। ग्रुप के दूसरे मैच में वेल्स को 63-43 से हराकर स्कॉटलैंड दूसरे स्थान पर है। भारतीय टीम अगले मैच में स्कॉटलैंड से भिड़ेगी। दस टीमों का यह टूर्नामेंट ब्रिटेन में वेस्ट मिडलैंड्स के चार शहरों बर्मिंघम, कोवेंट्री, वॉल्सॉल और वॉल्वरहैम्प्टन में आयोजित किया गया है। खिताबी मुकाबला 23 मार्च को खेला जाएगा।

## महिला टी-20

# न्यूजीलैंड-श्रीलंका के बीच तीसरा मैच धुला




एजेंसी | डुनेडिन

न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच मंगलवार को तीसरा महिला टी-20 मैच भारी बारिश के कारण बेनतीजा रहा। इसके साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हो गई। श्रीलंका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर ने पहले विकेट के लिए आठ ओवर में 60 रन जोड़े। श्रीलंका की कप्तान चामरी अट्टापटू ने बेट्स (31 रन) को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। फिर एम्मा मैकलियोड (चार) और ब्रुक हैलीडे (शून्य) भी जल्दी आउट हो गईं। फिर बारिश आने से खेल रोक देना पड़ा। तब न्यूजीलैंड ने 14.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाए थे। जॉर्जिया प्लिमर (नाबाद 46) और इजी शार्प (नाबाद 17) क्रीज पर थीं। फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। चामरी अट्टापटू को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

# ईद पर आएगी सिकंदर

सलमान खान पिछले काफी समय से फिल्म 'सिकंदर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। 'सिकंदर' को ईद, 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। हालांकि, अब तक फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई थी।



आखिरकार अब 'सिकंदर' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा गया है।

## निर्माताओं ने तय की तारीख


बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'सिकंदर' को 30 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। सूत्र ने खुलासा किया, 'सिकंदर की रिलीज तारीख तय हो गई है। यह फिल्म 30 मार्च (रविवार) को सिनेमाघरों में आएगी। निर्माताओं को भरोसा है कि यह रिलीज़ के लिए सही दिन है। रविवार को लोगों की छुट्टी होती है। उस दिन गुड़ी पड़वा भी है और 31 मार्च को रमजान ईद मनाई जाएगी। फिल्म की कमाई में इजाफा हो सकता है।'

## 'सिकंदर' में नजर आएंगे ये कलाकार

इस फिल्म के निर्देशन की कमान आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गजनी' का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। 'सिकंदर' में काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी नजर आएंगे। वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'सिकंदर' से पहले सलमान की कई फिल्में ईद के मौके पर रिलीज हो चुकी हैं, जिनमें 'भारत', 'सुल्तान', 'बजरंगी भाईजान', 'किक', 'एक था टाइगर' और 'वॉन्टेड' शामिल हैं।

# 'जाट' के लिए रणदीप हुड्डा ने किया शारीरिक बदलाव

अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आगामी फिल्म 'जाट' के लिए एक बार फिर से अपने हुनर को साबित किया है। एक क्रूर गैंगस्टर 'रणतुंगा' की भूमिका निभाते हुए रणदीप ने खुद को पूरी तरह से किरदार में ढाल लिया है। उन्होंने मांसपेशियों का वजन बढ़ाया है और अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर काम किया है, ताकि अपनी सबसे खतरनाक और भयंकर भूमिका को पर्दे पर उतार सकें।



## खतरनाक होगा रणदीप का किरदार

चाहे वह सरबजीत हो, स्वतंत्र वीर सावरकर हो या अब जाट, रणदीप कभी भी किरदार पर मेहनत करने से पीछे नहीं हटते। अपने द्वारा निभाए जाने वाले किरदार में वह पूरी तरह से ढल जाते हैं और प्रशंसक उनके इसी अंदाज की प्रशंसा करते हैं। 'रणतुंगा' के साथ वे रणदीप का एक ऐसा रूप देखने जा रहे हैं, अधिक खतरनाक और वास्तव में डरावना होगा।

## रणदीप ने बढ़ाया वजन

अभिनेता ने आठ किलो वजन बढ़ाया, क्योंकि यह प्रोजेक्ट 'वीर सावरकर' के ठीक बाद था, जहां उन्होंने भारी मात्रा में वजन कम किया था। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, रणदीप हर भूमिका को निभाने के लिए अपने अनोखी सोच के लिए जाने जाते हैं और 'जाट' भी इससे अलग नहीं हैं। पहले दिन से ही वे 'रणतुंगा' को एक वास्तविक रूप से भयावह खलनायक बनाने के लिए उत्सुक थे।

# 'अकाल' ट्रेलर ने मचाई धूम, दर्शकों को किया रोमांचित

अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अकाल' को लेकर सुर्खियों में हैं। खास बात यह है कि फिल्म के निर्देशन की कमान खुद गिप्पी ने संभाली है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। 'अकाल' इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके माध्यम से करण जौहर पंजाबी सिनेमा में बतौर निर्माता कदम रखने जा रहे हैं। अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें गिप्पी का धांसू अवतार नजर आ रहा है। फिल्म की



कहानी सिख योद्धाओं की सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो दर्शकों को एक नई दिशा और साहसिकता की ओर ले जाएगी।

'अकाल' में गिप्पी ग्रेवाल के अलावा निमरत खैरा, गुरप्रीत घुग्गी, प्रिंसकंवलजीत सिंह, निकितिन धीर, मीता वशिष्ठ, शिंदा ग्रेवाल और जरनैल सिंह जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। ट्रेलर में इन सभी सितारों की झलक देखने को मिल रही है। धर्मा प्रोडक्शंस ने ट्रेलर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'योद्धा तूफान के बीच में पैदा होते हैं।'

यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। खास बात यह है कि आप इस फिल्म को हिंदी के साथ-साथ पंजाबी भाषा में भी देख सकेंगे।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विज्ञापन

विषयः सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत श्रेणी "डी" में रिक्त पदों को एनजीओ के माध्यम से अनुबंध के आधार पर भरने के संबंध में।

मातोश्री रमाबाई ठाकरे मैटरनिटी होम, घाटकोपर (पश्चिम) विभाग के माध्यम से एन वार्ड में स्वैच्छिक संगठन (बचत समूह को छोड़कर) के माध्यम से श्रेणी "डी" में रिक्त पदों को भरें। संस्थाओं की स्थापना का उद्देश्य अपने सदस्यों को रोजगार प्रदान करना है। फर्म के लिए पीएफ/ईएसआईसी पंजीकरण अनिवार्य है।

हम आवेदक से अनुरोध कर रहे हैं कि वह अपना आवेदन तैयार करें और चयन के लिए आवेदन करें। आवेदन का नमूना मातोश्री रमाबाई ठाकरे मैटरनिटी होम, घाटकोपर (पश्चिम) कार्यालय में 19.03.2025 से 27.03.2025 तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 03.00 बजे के बीच दिया गया है। अंतिम तिथि 27.03.2025 (दोपहर 03.00 बजे तक) है। उल्लिखित कार्यालय समय के बाद प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता.
सहायक वैद्यकीय अधिकारी
मातोश्री रमाबाई ठाकरे प्रसूति गृह
घाटकोपर (प.), मुंबई - 400 086.

पीआरओ/2848 /विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

# जॉर्ज सोरोस से जुड़े एनजीओ पर ईडी की रेड

- FEMA उल्लंघन का आरोप
- प्रधानमंत्री मोदी को कह चुके हैं अलोकतांत्रिक

एजेंसी । बेंगलुरु

प्रधानमंत्री मोदी को अलोकतांत्रिक कहने वाले अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस से जुड़े NGO पर रेड हुई है। बेंगलुरु स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन, ओपन सोरोस फाउंडेशन (OSF) और एमनेस्टी इंटरनेशनल के दफ्तरों पर ED ने छापा मारा। एजेंसी ने एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच (HRW) के पूर्व-वर्तमान कर्मचारियों के घरों की भी तलाशी ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक ED की कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (FEMA) के उल्लंघन को लेकर हुई। छापे को लेकर OSF की तरफ से फिलहाल आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने दिसंबर 2020 में ही भारत में अपनी एक्टिविटी बंद कर दी थी। संस्था के बैंक खाते अवैध विदेशी फंडिंग के आरोप के चलते फ्रीज भी किए गए थे। एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच (HRW) पर ओपन सोरोस फाउंडेशन (OSF) से फंडिंग मिलने का आरोप है। इस मामले में CBI इनके खिलाफ चार्जशीट फाइल कर चुकी है। अब ED इसकी जांच कर रही है।



## प्रधानमंत्री मोदी के विरोधी रहे हैं जॉर्ज सोरोस

जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। जॉर्ज पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का एजेंडा चलाने का आरोप है।

सोरोस की संस्था 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की। 2014 में इसने भारत में दवा, न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकलांग लोगों को मदद करने वाली संस्थाओं को फंड देना शुरू किया। 2016 में भारत सरकार ने देश में इस संस्था के जरिए होने वाली फंडिंग पर रोक लगा दी। अगस्त 2023 में जॉर्ज का म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल में दिया बयान बेहद चर्चा में रहा। जब उन्होंने कहा था कि भारत लोकतांत्रिक देश है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी लोकतांत्रिक नहीं हैं।

## सोरोस ने CAA, 370 पर भी विवादित बयान दिए

सोरोस ने भारत में नागरिकता संशोधन कानून यानी CAA और कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने पर भी PM मोदी पर निशाना साधा था। सोरोस ने दोनों मौकों पर कहा था कि भारत हिंदू राष्ट्र बनने की तरफ बढ़ रहा है। दोनों ही मौकों पर उनके बयान बेहद तल्ख थे।

## कौन है PM की आलोचना करने वाले जॉर्ज सोरोस ?

92 साल के जॉर्ज सोरोस दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं। सोरोस एक यहूदी हैं, जिस वजह से सेकेंड वर्ल्ड वॉर के समय उन्हें अपना देश हंगरी छोड़ना पड़ा था। 1947 में वे लंदन पहुंचे। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में फिलासफी की पढ़ाई की। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक साल 16 सितंबर 1992 में ब्रिटेन की करेंसी पाउंड में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। जिसके पीछे जॉर्ज सोरोस का हाथ माना गया था। इसके चलते उन्हें ब्रिटिश पाउंड को तोड़ने वाला इंसान भी कहा जाता है।

---

सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण

# कर्नाटक सरकार ने विधानसभा में पेश किया विधेयक

एजेंसी । बेंगलुरु



सियासी विरोध के बीच कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में मुस्लिमों के लिए सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण लागू करने वाला विधेयक पेश किया। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (केटीपीपी) (संशोधन) विधेयक पेश किया।

## क्या है नया प्रावधान?

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी थी। इसमें दो करोड़ रुपये तक के नागरिक कार्यों और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवा अनुबंधों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत अनुबंध आरक्षित किए गए हैं। प्रस्ताव की घोषणा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सात मार्च को पेश किए गए 2025-26 के बजट में की थी। भाजपा ने सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के कर्नाटक सरकार के कदम को असांविधानिक बताया था। भाजपा ने रद्द करने की मांग समेत अदालत तक जाने का एलान किया था। मंगलवार को पेश किए गए विधेयक में 2025-26 के बजट भाषण में दिए गए प्रस्ताव को लागू करने के लिए केटीपीपी अधिनियम, 1999 में संशोधन किया गया है। विधेयक का उद्देश्य पिछड़े वर्गों के बीच बेरोजगारी को दूर करना और सरकारी निर्माण परियोजनाओं में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### कपिल मिश्रा के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार किया है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान देने और वर्ष 2020 में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने सत्र न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली भाजपा नेता की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस भी जारी किया है। जिसने मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। निचली अदालत इस मामले में आगे की कार्यवाही के लिए स्वतंत्र है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के चार कार्यकर्ता गिरफ्तार



इंफाल। मणिपुर में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। साथ ही बड़ी संख्या में हथियार व गोला- बारूद भी जब्त किया गया है। ये गिरफ्तारियां बीते 24 घंटे में इंफाल पश्चिम व बिष्णुपुर जिले से की गई हैं। पुलिस के अनुसार इंफाल पश्चिम के लांगोल गेम विलेज जोन - 3 से 50 वर्षीय लोरेम्बाम ब्रोजेन सिंह को गिरफ्तार किया गया। लोरेम्बाम प्रतिबंधित संगठन 'पीपल्स लिबरेशन आर्मी का कार्यकर्ता है। उसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन प्रेपक/उप्प्क के कार्यकर्ता रोमियो सिंह को भी शामुरू नाओरेम चापरौ मखा लेकई क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि रोमियो पर स्थानीय लोगों, सरकारी कर्मचारियों व दुकानदारों से उगाही के आरोप हैं।

---

# 'शीशमहल' को गेस्ट हाउस बना सकती है रेखा सरकार

- कैबिनेट नोट किया जा रहा है तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में 6-फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगला सुर्खियों में रहा था। बीजेपी ने इसे शीशमहल करार देते हुए अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला था। सीएम रहते हुए ज्यादातर समय केजरीवाल इसी बंगले में रहे। अब दिल्ली की बीजेपी सरकार इस बंगले का इस्तेमाल स्टेट गेस्ट हाउस के रूप में इस्तेमाल करने पर विचार कर रही है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली सरकार इसके लिए कैबिनेट नोट तैयार कर रही है। अभी सरकार का अपना कोई सरकारी गेस्ट हाउस नहीं है। लिहाजा 6-फ्लैग स्टाफ रोड को स्टेट गेस्ट हाउस बनाने पर विचार किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी सचिव को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही इस बंगले में रहने से इनकार कर दिया है।

## 6-फ्लैग स्टाफ रोड बंगले का इतिहास



फ्लैग स्टाफ रोड सिविल लाइंस क्षेत्र में आता है। यहीं राजभवन, दिल्ली विधानसभा और सचिवालय है।1942 में बने 6-फ्लैग स्टाफ रोड बंगले में शुरू में एक ऑफिस के अलावा 5 बेडरूम थे। नब्बे के दशक में 33-शाम नाथ मार्ग पर एक संपति को स्टेट गेस्ट हाउस के रूप में चिन्हित किया गया था। हालांकि, ऐसा संभव नहीं हुआ।

## केजरीवाल और 'शीशमहल' विवाद

बतौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 6-फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले में रहा करते थे। उनके कार्यकाल में इसका रेनोवेशन हुआ था। इसको लेकर बीजेपी ने आरोप लगाया था कि बंगले के रेनोवेशन में करोड़ों रुपये खर्च किए गए। इसे लेकर सीएजी की एक रिपोर्ट भी चर्चा में रही थी। इसके हवाले से कहा गया था कि रेनोवेशन में करीब 33 करोड़ रुपये खर्च किए गए। बीजेपी ने बाथरूम के नल से लेकर अंदर लगे पर्दों और कालीन तक के रेट बताकर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा था। घोटाले के आरोप भी लगाए थे।

---

## 51,463 करोड़ के अतिरिक्त खर्च और मणिपुर बजट को मंजूरी



**नई दिल्ली।** संसद ने मंगलवार को मणिपुर के बजट 2025-26 और 51,463 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 1,291 करोड़ रुपये और वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,861 करोड़ रुपये की अनुपूरक अनुदान मांगों को भी स्वीकृति दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन प्रस्तावों पर राज्यसभा में चर्चा और जवाब दिया, जिसके बाद इन्हें ध्वनिमत से पारित कर लोकसभा को वापस भेज दिया गया। इसके साथ ही, राज्यसभा ने चार विधेयकों को भी लोकसभा को लौटा दिया। सीतारमण के चार विधेयकों पर चर्चा के जवाब के बाद राज्यसभा ने विनियोग विधेयक, 2025; विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2025; मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2025; और मणिपुर विनियोग विधेयक, 2025 को वापस कर दिया।

---

## चलते-चलते

सोमवार से मंगलवार के बीच दुनिया में दो रोचक विश्व रिकॉर्ड बने। स्पेन और पुर्तगाल के बीच बने पुल को दुनिया के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय पुल का दर्जा मिला, तो जर्मनी में बौने कुत्तों की रेस ने रिकॉर्ड बनाया। एक रिकॉर्ड रूस से युवा ने भी बनाया हालांकि ये विश्व रिकॉर्ड नहीं है मगर है रोचक। यहां एक शख्स देश का सबसे युवा पेंशनधारी बना। हाल ही में जापान के नागाइजुमी में दुनिया के सबसे छोटा पार्क का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ था।

### दुनिया का सबसे छोटा अंतरराष्ट्रीय पुल केवल 19 फीट लंबा



एल मार्को दुनिया का सबसे छोटा अंतरराष्ट्रीय पुल है जो केवल 19 फीट लंबा है। एल मार्को एक छोटा ग्रामीण पुल है जो स्पेन के गांव एल मार्को को पुर्तगाल के गांव वार्जिया ग्रांडे से जोड़ता है। यह लकड़ी का पुल 19 फीट (6 मीटर) लंबा और 4.7 फीट (1.45 मीटर) चौड़ा है। पुल को पार करते समय ऐसा लगेगा जैसे पश्चिमी यूरोप के किसी ग्रामीण इलाके की एक छोटी सी धारा को पार कर रहे हैं।

### जर्मनी में 897 वीनर कुत्तों की परेड ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

जर्मनी के शहर रेगेन्सबर्ग में आयोजित 897 वीनर कुत्तों की परेड ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। वीनर कुत्तों को सॉसेज कुत्ता या डैशहाउंड कहा जाता है। छोटी टांग, लंबे और पतले शरीर की वजह से इन्हें वीनर कुत्ता कहा जाता है। रेगेन्सबर्ग ने विश्व के सबसे बड़ी वीनर कुत्तों की वॉक का आयोजन किया। इस दौरान कुत्तों की संख्या 1,175 हो सकती थी, लेकिन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने केवल 897 की पुष्टि की।

### 23 साल की उम्र में रूस का सबसे युवा पेंशनधारी

रूस का एक युवा पावेल स्टेपचेंको 23 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हो गया। वह इस उम्र में पेंशन पाने वाला रूस का सबसे युवा पेंशनधारी बन गया। स्टेपचेंको की कहानी काफी अनोखी है। उन्होंने 16 साल की उम्र में रूस के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के शैक्षिक संस्थान में दाखिला लिया। फिर पांच साल की कड़ी पढ़ाई के बाद आंतरिक मामलों की प्रणाली के क्षेत्रीय विभाग में काम करना शुरू किया। डोनेट्स्क के इस युवा ने वहां केवल दो साल काम किया, क्योंकि 23 साल की उम्र में वह आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो गए।

### पांच मिनट में चार्ज होगी कार



इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों की एक शिकायत आज भी बनी हुई है कि इसे चार्ज करने में वक्त बहुत लगता है। दुनिया की तमाम कंपनियां इसका हल निकालने में जुटी हैं। इसी बीज चीन की एक कंपनी ने एक ऐसी तकनीक इजाद करने का दावा किया है, जिसकी बदौलत कुछ मिनट में ही कार की बैटरी पूरी तरह चार्ज हो जाएगी। अभी आमतौर पर एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज होने में चार से दस घंटे का वक्त लगता है वो भी तब जब उसमें उन्नत किस्म का चार्जर हो। इसके अलावा अगर डीसी फास्ट चार्जर है तो भी एक घंटे में गाड़ी 80 फीसदी चार्ज होती है। चीन की कंपनी बीवाईडी ने फास्ट ईवी चार्जिंग सिस्टम लांच किया है। कंपनी का दावा है कि जितना समय एक कार में डीजल या पेट्रोल भरने में लगता है उतना ही समय चार्ज होने में लगेगा।

### छह दशक बाद लाइब्रेरी को लौटाई किताब



ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रॉबर्ट मरे ने 64 साल बाद पुस्तकालय को एक किताब लौटाई, जो उन्होंने वर्ष 1960 में ली थी। यह किताब होरस केफार्ट की 'कैम्पिंग और वुडक्राफ्ट थी, जिसे मरे ने इतनी पसंद की कि दशकों तक अपने पास रखा। हाल ही में उन्होंने इसे एक पत्र और 70 डॉलर के चेक के साथ लौटाया। उन्होंने लिखा कि यह किताब आज भी अद्वितीय है। लाइब्रेरियन सुसान पार्कर ने मजाकिया अंदाज में कहा, रॉबर्ट ने इसे बहुत अच्छे से संभालकर रखा है। इसके सारे पन्ने बचे हुए हैं और यह एकदम नई लग रही है।

---

## केंद्रीय कर्मियों के लिए 'एकीकृत पेंशन योजना' लागू




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए 12 दिन बाद यानी पहली अप्रैल से 'एकीकृत पेंशन योजना' लागू हो जाएगी। जो कर्मचारी एनपीएस से यूपीएस में आएंगे, उन्हें क्या कुछ मिलेगा, ये सब बातें तय कर ली गई हैं। न्यूनतम 10 वर्ष की अर्हक सेवा के पश्चात अधिवर्षिता पर 10 हजार रुपये प्रतिमाह का सुनिश्चित न्यूनतम भुगतान होगा। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी का कहना है कि यह स्कीम, विद्यमान पेंशन योजनाओं से अलग है, क्योंकि इसमें सुनिश्चित भुगतान के रूप में निर्धारित लाभ के साथ निर्धारित अंशदान की सुविधा शामिल है। 'एकीकृत पेंशन योजना', कर्मचारियों को बाजार संबद्ध प्रतिलाभ की अनिश्चितता से सुरक्षा प्रदान करती है। इतना ही नहीं, यूपीएस, राजकोषीय विवेक साथ-साथ अंतर नागरिक और अंतर-पीढ़ीगत इक्विटी को बनाए रखना सुनिश्चित करती है।

---

रायसीना डायलॉग का दूसरा दिन

# द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे लंबा अवैध कब्जा कश्मीर पर : जयशंकर

एजेंसी । नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी क्षेत्र पर सबसे लंबे समय तक अवैध कब्जे का उदाहरण कश्मीर है। उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का जिक्र करते हुए यह बात कही।



## संयुक्त राष्ट्र में भारत के साथ ऐतिहासिक अन्याय

जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े वैश्विक नियमों के चुनिंदा और भेदभावपूर्ण तरीके से लागू किए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने रायसीना डायलॉग के एक सत्र में कहा कि संयुक्त राष्ट्र में भारत के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ, जब हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रख दिया गया।

## कश्मीर को विवाद बनाया गया

उन्होंने कहा, रद्वितीय विश्व युद्ध के बाद, किसी देश द्वारा किसी क्षेत्र पर सबसे लंबे समय तक अवैध कब्जा भारत के कश्मीर से जुड़ा हुआ है। जब हमने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में उठाया, तो आक्रमण को एक विवाद बना दिया गया और हमलावर तथा पीड़ित को एक समान श्रेणी में रख दिया गया।

## संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत

विदेश मंत्री ने एक मजबूत और निष्पक्ष संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, रहमें एक मजबूत संयुक्त राष्ट्र चाहिए, लेकिन उसके लिए निष्पक्षता भी जरूरी है। वैश्विक व्यवस्था में नियम-कायदों में स्थिरता होनी चाहिए और उनका समान रूप से पालन किया जाना चाहिए।

---

प्रदूषण — दिल्ली में पीएम 2.5 का औसत स्तर 175 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज

# दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित महानगर

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली ने एक बार फिर देश के सबसे प्रदूषित महानगर का खिताब अपने नाम किया है। 2024-25 की सर्दियों (1 अक्तूबर से 31 जनवरी) के दौरान दिल्ली में पीएम 2.5 का औसत स्तर 175 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। यह आंकड़ा अन्य सभी महानगरों की तुलना में काफी अधिक है। हालांकि, एक अच्छी खबर यह है कि पिछले साल की सर्दियों की तुलना में दिल्ली की हवा थोड़ी बेहतर रही। बता दें कि, 2023-24 की सर्दियों में यह स्तर 189 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था।



## कोलकाता देश का दूसरा सबसे प्रदूषित महानगर

राजधानी दिल्ली के बाद पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता देश का दूसरा सबसे प्रदूषित महानगर रहा, जहां 2024-25 की सर्दियों के दौरान पीएम 2.5 का औसत स्तर 65 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। हालांकि, यह स्तर दिल्ली की तुलना में काफी कम रहा है।

## 2024-25 की सर्दियों में अन्य महानगरों का प्रदूषण स्तर (पीएम 2.5)

हैदराबाद : 52 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर
मुंबई : 50 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर
बंगलूरू : 37 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर
चेन्नई : 36 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर

## इन महानगरों में प्रदूषण की स्थिति में कोई बदलाव नहीं

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की इस रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि मुंबई, बंगलूरू और कोलकाता में पिछले साल की तुलना में प्रदूषण कम हुआ, जबकि चेन्नई और हैदराबाद में प्रदूषण का स्तर पहले जैसा ही बना रहा है।

---

# राज्यसभा में सोनिया ने उठाया मनरेगा का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने आज राज्यसभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के लिए बजट आवंटन का मुद्दा उठाया और कहा कि यह केंद्रीय बजट 2025 में स्थिर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना में लोगों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन किए जाने की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान मनरेगा का मुद्दा उठाते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि इस योजना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें आधार-आधारित भुगतान प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली, मजदूरी भुगतान में लगातार देरी और मुद्रास्फीति की भरपाई के लिए अपर्याप्त मजदूरी



दरें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की गहरी चिंता है कि वर्तमान सरकार ने इस योजना को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है और बजट आवंटन 86,000 करोड़ रुपये पर स्थिर है। आवंटित बजट में वास्तव में 4,000 करोड़ रुपये की कमी आई है।